दा SUMMER न्यूज़

# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

सूर्योदय सुबह 5:59 बजे
सूर्यास्त शाम 6:48 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-217 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • सोमवार 13 अप्रैल 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एजीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

## न्यूज़ ब्रीफ

### हैती में भगदड़ से 30 लोगों की मौत

**हैती|** हैती के सिटाडेल लाफेरियेर किले में एक वार्षिक समारोह के दौरान भगदड़ मचने से कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह घटना किले के एंट्री गेट के पास हुई। अधिकारियों के मुताबिक, ज्यादा भीड़ और अचानक हुई बारिश के कारण हालात बिगड़ गए। लोग एक साथ बाहर निकलने की कोशिश करने लगे, जिससे भगदड़ मच गई। यह किला 19वीं सदी की शुरुआत में बनाया गया था और UNESCO की विश्व धरोहर सूची में शामिल है।

### नेतन्याहू समेत 35 लोगों पर केस

**इस्तांबुल|** तुर्किये में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत 35 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। यह मामला गाजा जा रहे राहत मिशन पर कथित हमले से जुड़ा है। इस्तांबुल के मुख्य सरकारी वकील के दफ्तर ने आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें सभी आरोपियों के लिए कड़ी सजा की मांग की गई है। इसमें उम्रकैद के साथ 1,102 साल से लेकर 4,596 साल तक की अतिरिक्त सजा की मांग शामिल है। आरोपों में मानवता के खिलाफ अपराध, नरसंहार, गैरकानूनी हिरासत, यातना और लूट जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यह मामला पिछले साल सितंबर में हुई एक घटना से जुड़ा है।

### सरकारी हॉस्पिटल के डॉक्टर ने रेप किया

**अजमेर|** अजमेर में जनाना हॉस्पिटल के डॉक्टर पर 16 साल की लड़की ने रेप का आरोप लगाया है। आरोप है कि लड़की ने घटना के बारे में अपने जानकार ईमित्र संचालक को बताया तो उसने भी रेप किया। इसके बाद धमकियां भी दीं। दोनों ने अश्लील फोटो और वीडियो बनाए और ब्लैकमेल किया। 11 अप्रैल 2026 को पीड़िता की बहन ने थाने में मामला दर्ज कराया। आरोप है कि डॉक्टर कार में घुमाने के बहाने 14 फरवरी 2025 को नाबालिग को फ्लैट में ले गया। कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया और उसके साथ रेप किया। डॉक्टर ने फोटोज और वीडियो दिखाकर नाबालिग को ब्लैकमेल किया।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग: चंडीगढ़ को 27 रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची यूपी, प्रहलाद मावरी की फिफ्टी

**■ मयूर शुक्ला की घातक गेंदबाजी से यूपी की शानदार जीत**

समर न्यूज़ | चंडीगढ़




(बाएं) उत्तर प्रदेश की विजेता टीम के खिलाड़ी। (दाएं) चंडीगढ़ की टीम के खिलाड़ी। फोटो : लक्की भट्टी/ समर न्यूज़

जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग के नॉकआउट क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चंडीगढ़ को 27 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। सेक्टर-16 क्रिकेट स्टेडियम, चंडीगढ़ में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही विभागों में उत्तर प्रदेश का दबदबा देखने को मिला।
टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी उत्तर प्रदेश की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 161 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में चंडीगढ़ की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 134 रन ही बना सकी और मुकाबला 27 रन से गंवा बैठी।

**उत्तर प्रदेश की पारी: मावरी की धमाकेदार फिफ्टी**

उत्तर प्रदेश की शुरुआत भले ही साधारण रही, लेकिन मध्यक्रम ने शानदार जिम्मेदारी निभाई। ओपनर जुहैब जल्दी आउट हो गए, लेकिन इसके बाद मयूर शुक्ला और ऋषि सिंह सेंगर ने पारी को संभाला। ऋषि सिंह सेंगर ने 29 गेंदों पर 38 रन की उपयोगी पारी खेली, जिसमें 5 चौके शामिल रहे। टीम के लिए सबसे अहम योगदान विकेटकीपर बल्लेबाज प्रहलाद सिंह मावरी ने दिया। उन्होंने 32 गेंदों पर 51 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 8 चौके शामिल रहे और उनका स्ट्राइक रेट 159 से अधिक रहा। उनकी इस आक्रामक बल्लेबाजी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। अंतिम ओवरों में राजीव श्रीवास्तव ने भी तेज 10 रन बनाकर स्कोर को 160 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। टीम ने 20 ओवर में 161 रन का स्कोर खड़ा किया, जो इस पिच पर प्रतिस्पर्धात्मक माना गया।
चंडीगढ़ के गेंदबाजों ने शुरुआती ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन डेथ ओवर्स में रन रोकने में नाकाम रहे। संदीप कौशिक और अंकुश ठाकुर ने किफायती गेंदबाजी करते हुए एक-एक विकेट हासिल किया। हालांकि, अश्वनी शर्मा ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट लिए और टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे। कप्तान संजय कालिया ने भी एक विकेट लिया, लेकिन टीम की गेंदबाजी में निरंतरता की कमी साफ नजर आई।

**चंडीगढ़ की पारी: अच्छी शुरुआत के बावजूद हार**

162 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंडीगढ़ की टीम की शुरुआत धीमी रही। टीम के लिए अश्वनी शर्मा ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए, लेकिन उन्हें दूसरे बल्लेबाजों का ज्यादा साथ नहीं मिला।
मध्यक्रम में गुरमीत सिंह वल्टोहा (18 रन) और संदीप कौशिक (15 रन) ने कुछ हद तक संघर्ष किया, लेकिन टीम लगातार अंतराल पर विकेट खोती रही।
आखिरी ओवरों में टीम को तेजी से रन बनाने की जरूरत थी, लेकिन दबाव में बल्लेबाज बड़े शॉट नहीं खेल पाए और पूरी टीम 134 रन पर ही सिमट गई।

**उत्तर प्रदेश की गेंदबाजी: मयूर शुक्ला का जलवा**

उत्तर प्रदेश की जीत में गेंदबाजों की अहम भूमिका रही। मयूर शुक्ला ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में सिर्फ 13 रन देकर 4 विकेट झटके। उनकी इस घातक गेंदबाजी ने चंडीगढ़ की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। इसके अलावा ऋषि सिंह सेंगर ने 2 विकेट हासिल किए, जबकि कप्तान रोहित कुमार सिंह और विमलेश कुमार को भी एक-एक सफलता मिली। गेंदबाजों ने लगातार दबाव बनाए रखा, जिससे चंडीगढ़ की टीम कभी भी मैच में वापसी नहीं कर पाई। इस मुकाबले का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट मयूर शुक्ला की गेंदबाजी रही। उन्होंने अहम मौकों पर विकेट लेकर चंडीगढ़ की रन गति को पूरी तरह रोक दिया। साथ ही प्रहलाद सिंह मावरी की तेज अर्धशतकीय पारी ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में निर्णायक भूमिका निभाई।

**कप्तानों की भूमिका**

उत्तर प्रदेश के कप्तान रोहित कुमार सिंह ने गेंदबाजी में बदलाव और फील्डिंग सेटिंग में शानदार निर्णय लिए, जिसका फायदा टीम को मिला। वहीं चंडीगढ़ के कप्तान संजय कालिया ने कोशिश तो की, लेकिन टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं हो सके।
इस जीत के साथ उत्तर प्रदेश की टीम ने जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग 2026 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम का आत्मविश्वास इस जीत से काफी बढ़ा है और अब वह खिताब की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रही है। दूसरी ओर, चंडीगढ़ की टीम का सफर यहीं समाप्त हो गया, लेकिन टीम ने टूर्नामेंट में कई अच्छे प्रदर्शन भी किए, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।
शहीद पत्रकारों की स्मृति को समर्पित 'जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग' टूर्नामेंट का आयोजन यूनाइटेड प्रेस क्लब और जर्नलिस्ट वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट के टाइटल स्पॉन्सर एवन साइकिल हैं, जबकि इसे सह-स्पॉन्सर ड्यूक और इजी वीजा भी हैं। एसोसिएट पार्टनर्स के रूप में एमी सोल, आंसल वेल्थ, वैद्यबान, सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली, क्रेडाई पंजाब, डॉ. योगीज, आईओएल दशमेश जैसे संस्थान इस लीग का हिस्सा हैं, जो इसे सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# संसद के विशेष सत्र के लिए भाजपा का अपने सांसदों को व्हिप जारी

**■ 16 से 18 अप्रैल तक सभी सांसदों की मौजूदगी अनिवार्य**


समर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा और राज्यसभा में अपने सभी सांसदों के लिए तीन लाइन व्हिप जारी करते हुए 16 से 18 अप्रैल तक संसद में अनिवार्य उपस्थिति के निर्देश दिए हैं। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि विशेष सत्र के दौरान सभी सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को सदन में मौजूद रहना होगा तथा इस अवधि में किसी प्रकार की छुट्टी नहीं दी जाएगी।
यह विशेष सत्र 16 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है, जिसमें महिला आरक्षण कानून, यानी नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े प्रस्तावित संशोधनों पर चर्चा केंद्र में रहने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा और राज्यसभा में विभिन्न दलों के फ्लोर लीडर्स को पत्र लिखकर इस विषय पर समर्थन मांगा है। उन्होंने कहा है कि महिला आरक्षण को वास्तविक रूप से लागू करने का समय आ गया है और 2029 के लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव महिलाओं के आरक्षण के साथ कराए जाने चाहिए। प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि 16 अप्रैल से संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़ी ऐतिहासिक चर्चा शुरू होगी, जो भारतीय लोकतंत्र को और मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने इस मुद्दे को महिलाओं की भागीदारी, निर्णय लेने की क्षमता और नेतृत्व से जोड़ते हुए कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए महिलाओं की बड़ी और सक्रिय भूमिका आवश्यक है। भाजपा द्वारा जारी व्हिप में पार्टी सांसदों से कहा गया है कि वे 16, 17 और 18 अप्रैल को बिना किसी रुकावट के सदन में उपस्थित रहें। पार्टी ने इस अवधि को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए उपस्थिति को अनिवार्य बनाया।
उधर, कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इस मुद्दे पर आपत्ति जताई है। खड़गे ने कहा है कि विपक्ष को भरोसे में लिए बिना विशेष सत्र बुलाया गया है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि महिला आरक्षण और उससे जुड़े परिसीमन जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए, ताकि सभी दलों को अपना पक्ष रखने का अवसर मिल सके।

# बेनतीजा बैठक: इस्लामाबाद से बैरंग लौटे जेडी

**■ वेंस ने ईरान के अड़ियल रुख की आलोचना की**

एजेंसी | इस्लामाबाद



अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 घंटे की लंबी बातचीत के बाद इस्लामाबाद से बिना किसी समझौते के लौट आए, जिससे मध्य-पूर्व में स्थायी शांति की उम्मीदें टूट गई हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर सहमति न बन पाने के कारण यह वार्ता विफल हुई, जिससे क्षेत्र में फिर से युद्ध का खतरा बढ़ गया है। 40 दिनों के युद्ध और दो हफ्तों के अस्थायी युद्धविराम के बाद, दोनों देश इस शांति को स्थायी बनाने के लिए मिले थे, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने जैसे गंभीर मुद्दों पर सहमति नहीं बन सकी। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने 21 घंटे तक चली लंबी बातचीत के बाद अमेरिका लौटने का फैसला किया। उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका ने अपनी ओर से सबसे बेहतर समझौता पेश किया था, लेकिन ईरान ने इसे स्वीकार नहीं किया। वेंस ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ने अपनी 'रेड लाइन्स' साफ कर दी थीं और यह ईरान का फैसला था कि वह उन शर्तों को नहीं मानना चाहता।

**परमाणु हथियारों पर बिगड़ी बात**

जेडी वेंस ने संकेत दिया कि बातचीत टूटने की सबसे बड़ी वजह परमाणु कार्यक्रम पर ईरान का रुख रहा। अमेरिका चाहता था कि ईरान भविष्य में परमाणु हथियार न बनाने की 'सकारात्मक प्रतिबद्धता' दे, जो उसे नहीं मिली। वेंस ने कहा, 'राष्ट्रपति का मुख्य लक्ष्य ईरान को परमाणु हथियार बनाने और ऐसी तकनीक हासिल करने से रोकना है जिससे वे बहुत तेजी से हथियार बना सकें।' उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि ईरान की परमाणु सुविधाएं नष्ट हो चुकी हैं, लेकिन उनके पास लंबे समय तक परमाणु हथियार न बनाने की कोई इच्छाशक्ति नजर नहीं आई।

**ईरान के लिए बुरी खबर: वेंस**

वेंस के अनुसार, कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, लेकिन खाड़ी क्षेत्र में लंबे समय तक शांति सुनिश्चित करने वाला कोई भी समझौता नहीं हो सका। उन्होंने इसे ईरान के लिए एक बुरी खबर बताया। अब सवाल यह है कि वार्ता विफल होने के बाद क्या क्षेत्र में फिर से बड़े पैमाने पर युद्ध छिड़ जाएगा।

**प्रतिनिधिमंडलों की रवानगी**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ईरान पर आरोप लगाते हुए पाकिस्तान से रवाना होने के तुरंत बाद, ईरानी प्रतिनिधिमंडल भी स्वदेश लौट गया है। इस प्रतिनिधिमंडल में ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघर गालिबफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची शामिल थे। वेंस ने स्पष्ट किया कि ईरान ने वाशिंगटन की शर्तों को मानने से इनकार कर दिया है।

# पुणे एक्सप्रेस से 167 बच्चे रेस्क्यू

एजेंसी | कटनी

कटनी रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात पटना-पुणे एक्सप्रेस से 167 मुस्लिम बच्चों को रेस्क्यू किया गया। खुफिया सूचना के आधार पर हुई इस कार्रवाई के बाद मानव तस्करी की आशंका जताई जा रही है। संदेह है कि इन बच्चों को बिहार से महाराष्ट्र काम कराने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। कटनी आरपीएफ थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जानकारी मिली थी कि पटना-पुणे एक्सप्रेस में बड़ी संख्या में बच्चों को संदिग्ध परिस्थितियों में ले जाया जा रहा है। ट्रेन के कटनी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर पहुंचते ही आरपीएफ, जीआरपी, महिला एवं बाल विकास विभाग और बाल संरक्षण अधिकारियों की संयुक्त टीम ने घेराबंदी की।
टीम ने बोगियों से सभी 167 बच्चों को सुरक्षित नीचे उतारा। पूछताछ में सामने आया है कि अधिकांश बच्चे बिहार के रहने वाले हैं।

# TMC ने मदरसों के लिए 6000 करोड़ दिए: मोदी

एजेंसी | सिलीगुड़ी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि चुनाव के बाद बंगाल से TMC का जाना तय है। कल मेरे रोड शो में लोगों ने जो प्यार दिखाया, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। आज सिलीगुड़ी की यह जनसभा TMC की नींद उड़ा देगी।
मोदी का रविवार को पश्चिम बंगाल दौरे का दूसरा दिन है। वे सिलीगुड़ी में जनसभा कर रहे थे। मोदी ने दार्जिलिंग की सभी 5 और जलपाईगुड़ी जिले की सभी 7 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने कहा-TMC ने मदरसों के लिए 6000 करोड़ दिए, लेकिन यहां के विकास के लिए कुछ नहीं किया। वह सिर्फ अपने खास वोट बैंक के लिए पैसे देती है। आपने TMC के निर्मम शासन काल में इतने सालों में पश्चिम बंगाल की बर्बादी देखी है। उन्हें 15 साल का हिसाब देना होगा। उन्होंने 'कमल खिलाओ, घुसपैठिया भगाओ' के नारे लगाते हुए कहा कि TMC की सरकार निर्मम है, लेकिन हमने CAA की मदद से आपको वोटिंग की गारंटी दी है।
चाय उत्पादकों पर उन्होंने कहा कि असम आपके पड़ोस में है और वहां की भाजपा सरकार ने चाय बागान श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर महत्वपूर्ण काम किया गया है और श्रमिकों को भूमि पट्टे दिए जा रहे हैं। बंगाल में भी श्रमिक परिवारों को भूमि पट्टे दिए जाएंगे।

**पेज 1 एंकर स्टोरी** | 70 वर्षों तक संगीत जगत पर राज करने वाली सुरों की मल्लिका

# ऑर्गन फेलियर से आशा भोसले का निधन

एजेंसी | मुंबई



भारतीय फिल्म संगीत की महानतम गायिकाओं में शुमार दिग्गज गायिका आशा भोसले का रविवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से संगीत जगत में शोक की लहर दौड़ गई है और देश-विदेश के लाखों प्रशंसकों ने एक युग के अंत को महसूस किया है।
जानकारी के अनुसार, आशा भोसले को शनिवार को दिल और सांस संबंधी समस्याओं के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई और मल्टी ऑर्गन फेलियर के कारण उन्होंने अंतिम सांस ली।
उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई और बॉय जॉर्ज, माइकल स्टाइप, नेली फर्टाडो जैसे कलाकारों के साथ काम किया। 1997 में उन्हें ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय गायिका बनने का गौरव मिला। 2001 में उन्हें भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**खाने-पीने का भी था शौक**

संगीत के अलावा आशा भोसले को खाना बनाने का भी बेहद शौक था। उनके इस शौक ने एक नया रूप लिया और उन्होंने 'Asha's' नाम से रेस्टोरेंट चेन शुरू की, जो दुबई, कुवैत, कतर, बहरीन और यूके सहित कई देशों में संचालित हो रही है।

**सिंगर ना होती तो कुक बनतीं आशा भोसले**

आशा भोसले को आज दुनिया एक मशहूर गायिका के रूप में जानती है। अगर वह कभी सिंगर ना बन पातीं तो कुक के प्रोफेशन को चुनतीं। आशा भोंसले ने एक इंटरव्यू में बताया था कि अगर वह सिंगर नहीं बनती तो वह एक कुक होतीं। बता दें कि दुबई, कुवैत में उनके नाम से रेस्टोरेंट भी है। यहां पर भारतीय खाना मिलता है। एक खबर के अनुसार इंटरनेशनल कुक रसेल स्कॉट ने आशा ब्रांड के राइट्स खरीदे थे। वह ब्रिटेन में लगभग 40 रेस्टोरेंट खोलने की योजना बना रहे थे।

**बड़े पर्दे पर दिखाया एक्टिंग का हुनर**

आशा भोसले ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक बेहतरीन गीत गाए। हिंदी के अलावा वह कुल 20 भारतीय और विदेशी भाषाओं में गाने गा चुकी हैं। सिंगिंग के अलावा आशा भोसले ने एक्टिंग में भी हाथ आजमाया था। उम्र कभी भी उनके जुनून के आड़े नहीं आई। 2002 में उन्होंने 'आप की आशा' नाम से एक एल्बम का संगीत भी तैयार किया। वहीं 2013 में 79 साल की उम्र में उन्होंने मराठी फिल्म 'माई' में अभिनय भी किया। इसमें उनके अभिनय को खूब सराह गया था।

**अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा**

आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने बताया, "आज उनका निधन हो गया। जो लोग अंतिम दर्शन करना चाहते हैं, वे कल सुबह 11 बजे उनके घर आ सकते हैं। अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा।

-पढ़े पेज 3 पर-

**सुरों की अमर आवाज, संघर्षों से भरी जिंदगी और अद्भुत विरासत**



# वृंदावन नाव हादसाः दो और शव बरामद, मृतकों की संख्या 13 पहुंची, तीन लापता

### यमुना में पलटी मोटरबोट, पंजाब के श्रद्धालु थे सवार; 20 किमी दायरे में सर्च ऑपरेशन जारी

एजेंसी | मथुरा



वृंदावन में यमुना नदी में पलटी मोटरबोट हादसे में रविवार को बचाव दल ने एक युवती सहित दो और शव बरामद कर लिए, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। अभी भी तीन श्रद्धालु लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है।

पंजाब से आए श्रद्धालुओं से भरी मोटरबोट शुक्रवार को यमुना नदी में पैंटून पुल के पीपे से टकराने के बाद पलट गई थी। हादसे के बाद उसी दिन चले रेस्क्यू ऑपरेशन में 10 शव बरामद किए गए थे, जबकि शनिवार तक एक और शव मिला था। रविवार सुबह शुरू हुए सर्च ऑपरेशन के दौरान एक युवक और एक महिला का शव बरामद किया गया। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत के अनुसार, युवक की पहचान लुधियाना के जगराओं निवासी ऋषभ शर्मा के रूप में हुई है, जिसका शव अक्रूर घाट के पास मिला। वहीं, महिला की पहचान लुधियाना के अर्बन एस्टेट डूगरी निवासी 21 वर्षीय डिंकी बंसल के रूप में हुई है। डिंकी की मां मीनू बंसल की भी इस हादसे में पहले ही मौत हो चुकी है। प्रशासन के मुताबिक, नदी में शव फूलकर ऊपर आ गए थे, जिन्हें रस्सियों की मदद से बाहर निकाला गया। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शवों की पहचान की। बताया गया कि डिंकी बीए फाइनल ईयर की छात्रा थी, जबकि ऋषभ 12वीं पास कर अपने पिता के काम में हाथ बंटाता था। फिलहाल पंकज मल्होत्रा, यश भल्ला और मोनिका अब भी लापता हैं। उनकी तलाश के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की टीमें लगातार अभियान चला रही हैं। यमुना के तेज बहाव और गहराई के चलते राहत कार्य में काफी मुश्किलें आ रही हैं। जिला प्रशासन ने सर्च ऑपरेशन को तेज करते हुए केसी घाट से गोकुल बैराज तक यमुना को सात सेक्टरों में बांट दिया है। करीब 20 किलोमीटर के दायरे में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

डीएम सीपी सिंह ने बताया कि एडीएम पंकज वर्मा की जांच रिपोर्ट के आधार पर हादसे के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल नाव चालक और ठेकेदार को प्रारंभिक तौर पर दोषी मानते हुए जेल भेज दिया गया है।

## फिल्लौर में बिजली के झटके से मैकेनिक गंभीर रूप से घायल

समर न्यूज़ | फिल्लौर

फिल्लौर के पास रामगढ़ नेशनल हाईवे पर एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक, एक टिपर मालिक अपनी गाड़ी के एक्सल (ट्रेलर) ठीक करवाने के लिए सड़क किनारे एक दुकान पर गया था। बताया जा रहा है कि उस जगह के ऊपर से हाई वोल्टेज बिजली के तार गुजर रहे थे। काम के दौरान ड्राइवर ने टिपर के ट्रेलर को ऊपर की ओर धकेल दिया, जो सीधे बिजली के तारों से टकरा गया। इससे नीचे काम कर रहे मैकेनिक को भयानक बिजली का झटका लगा। बिजली के झटके से न सिर्फ मैकेनिक गंभीर रूप से घायल हुआ, बल्कि वहां बनी कई दुकानों के बिजली के मीटर भी तेज झटके के साथ उड़ गए। घायल मैकेनिक की पहचान लसारा के रहने वाले अमरीक सिंह के रूप में हुई है। उसे तुरंत फिल्लौर के सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राइमरी इलाज के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जालंधर रेफर कर दिया।

## राजिंदरा मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 8वीं कक्षा का परिणाम रहा शत-प्रतिशत



होनहार विद्यार्थियों के साथ प्रिंसिपल सोनिया रविनंदन शर्मा व स्टॉफ। - समर न्यूज़

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

राजिंदरा मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दुर्गापुरी, हैबोवाल की आठवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को प्रधानाचार्या और स्टाफ द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या सोनिया शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफलता मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को आगे भी इसी लगन से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। परिणाम में ऋद्धि ने 564 अंक (94%) के साथ प्रथम, दिव्या ने 560 अंक (93.3%) के साथ द्वितीय और मानवी ने 553 अंक (92.1%) के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## लुधियाना में सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप

### सब चलता हैः व्यवस्था खत्म करने की मांग

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

आरटीआई सेल के कन्वीनर कीमती रावल ने नगर निगम प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाते हुए भारत नगर एक्सटेंशन योजना में सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। रावल का आरोप है कि योजना के अंतर्गत एस.सी.एफ.-1 के साथ लगती सरकारी पेवमेंट पर धर्म की आड़ में मंदिर निर्माण कर कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल अतिक्रमण नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से धार्मिक भावनाओं का इस्तेमाल कर जमीन हड़पने की कोशिश है, जिससे सामाजिक सौहार्द और कानून व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। उन्होंने बताया कि उक्त जमीन नगर निगम को सौंपे जाने के बाद अक्सर ऐसे मामले सामने आते हैं, जहां भू-माफिया और राजनीतिक तत्वों की मिलीभगत से सरकारी संपत्तियों पर कब्जा किया जाता है। बाद में विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से इन्हें वैध बनाने की कोशिश की जाती है, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान होता है। रावल ने नगर निगम में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक वरिष्ठ अधिकारी की गिरफ्तारी से यह स्पष्ट होता है कि व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी है और सुधार की जरूरत है। रावल ने मांग की कि मामले में तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि "सब चलता है" की धारणा को समाप्त करना आवश्यक है, तभी आमजन का प्रशासन और कानून व्यवस्था पर भरोसा कायम रह सकेगा।

### बांकुड़ा और पूर्व मेदिनीपुर की रैलियों में भाजपा के लिए किया प्रचार

## योगी ने पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन का आह्वान किया

एजेंसी | बांकुड़ा



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज होती जा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बांकुड़ा और पूर्व मेदिनीपुर जिलों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए राज्य में सत्ता परिवर्तन का आह्वान किया।

योगी आदित्यनाथ ने सोनामुखी और नंदकुमार विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित रैलियों में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों दिवाकर घरामी और निर्मल खांड़ा के समर्थन में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता अब तुष्टीकरण की राजनीति से ऊब चुकी है और विकास, सुरक्षा व सुशासन के लिए बदलाव चाहती है।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य की जनता अब विश्वास, सुरक्षा और समग्र विकास के लिए भाजपा के साथ खड़ी है। उन्होंने दावा किया कि "राष्ट्रवाद की भूमि" पश्चिम बंगाल में अब 'खेला' की राजनीति खत्म होगी और विकास का नया दौर शुरू होगा। योगी आदित्यनाथ ने तृणमूल कांग्रेस और वामपंथी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनके शासन में राज्य में भ्रष्टाचार, अराजकता और गुंडागर्दी को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का समाधान केवल भाजपा की "डबल इंजन" सरकार ही कर सकती है। सोनामुखी में जनसमर्थन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां जनता का उत्साह इस बात का संकेत है कि राज्य में "कमल" खिलने वाला है। उन्होंने कहा कि लोग ऐसी सरकार चाहते हैं जो आस्था, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दे। उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां "न कर्फ्यू, न दंगा" की स्थिति है और माफिया व अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। उनके अनुसार, भाजपा सरकार जहां भी होती है, वहां कानून-व्यवस्था मजबूत होती है और विकास के नए अवसर पैदा होते हैं। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश में हाल ही में एक दलित हिंदू की हत्या का मुद्दा उठाते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा और कहा कि इस मामले पर राज्य सरकार की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं आई।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाषा और संस्कृति के नाम पर राजनीति नहीं चलने दी जाएगी और देश विरोधी ताकतों को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने किसानों के हितों की रक्षा का भरोसा दिलाया।

## बिहार के कटिहार में सड़क हादसा, अब तक 13 की मौत

एजेंसी | पटना

बिहार के कटिहार जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर शनिवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह दुर्घटना कोढ़ा थाना क्षेत्र के बसगड़ा चौक के पास उस समय हुई, जब हरदा से पूर्णिया जा रही एक तेज रफ्तार बस की सामने से आ रही पिकअप वैन से आमने-सामने टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पास से गुजर रही दो मोटरसाइकिलें भी इसकी चपेट में आ गईं। हादसे में मौके पर ही 10 लोगों की जान चली गई, जबकि तीन लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

इस दर्दनाक हादसे पर द्रौपदी मुर्मू, नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार ने गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की है।

वहीं मुख्यमंत्री ने भी मृतकों के आश्रितों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों के अनुसार, राहत और बचाव कार्य जारी है तथा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## कुलतार सिंह संधवां द्वारा गायिका आशा भोंसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री कुलतार सिंह संधवां ने 'सुरों की मलिका' आशा भोंसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने



इस दुख की घड़ी में शोक-संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। स्पीकर संधवां ने कहा कि आशा भोंसले की मधुर और विशिष्ट आवाज़ ने कई दशकों तक संगीत प्रेमियों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी है। उनके गीत हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगे और विश्व भर के लोगों को मंत्रमुग्ध करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आशा भोंसले के निधन की खबर सुनकर उन्हें गहरा दुख हुआ है और उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## भाजपा ने पंजाब चुनावों के लिए संगठन की मजबूती के कार्यकर्ताओं को किया तैयार

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़



भाजपा द्वारा प्रदेश भर में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 शुरू किया जा चुका है उसी कड़ी में लुधियाना जिला भाजपा के अध्यक्ष रजनीश धीमान की अध्यक्षता में पूर्वी हल्के में भी प्रशिक्षण कैंप लगाए गए है।पूर्वी हल्के का प्रशिक्षण कैंप विश्व नाथ धर्मशाला जमालपुर में 11 व 12 अप्रैल में आयोजित इस शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठन के मूल सिद्धांतों, केंद्र सरकार की उपलब्धियों और डिजिटल टूल्स के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से भाजपा का कार्यकर्ता हर वर्ग के घरों तक जाकर मोदी सरकार की जो स्कीमों के बारे में बताए। प्रशिक्षण शिविर में भाजपा के सीनियर नेता व प्रशिक्षण शिविर के प्रदेश प्रमुख मंजीत सिंह राय शिविर में विशेष रूप से शामिल हुए और कार्यकर्ताओं को पंजाब में होने वाले 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के प्रति प्रेरित किया। मंजीत राय ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर अभियान का मुख्य उद्देश्य है भाजपा के कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना और संगठन को बूथ स्तर तक विस्तार देना।कैंप में भारतीय जनता पार्टी के इतिहास, एकात्म मानववाद, बूथ प्रबंधन,और जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश के उपाध्यक्ष जतिंदर मित्तल, हरीश टंडन, प्रदेश महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष लीना टपारिया, जिला महामंत्री यशपाल जनोत्रा, नरेंद्र सिंह मल्ली, जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा, नवल जैन, सौरव कपूर, प्रेस सचिव डा. सतीश कुमार, परवीन शर्मा, वरिंदर सहगल धर्मेंद्र शर्मा, साबिर हुसैन, पार्षद पल्लवी विनायक, अनील भारद्वाज, रूबी गोरियान , जतिंदर गोरियान, डोली गोसाई, मंडलों के प्रधान अंकुर वर्मा, अमित राय, रवि चौरसिया, प्रमोद कुमार,रोमी मल्होत्रा, विपन विनायक,हैप्पी रंधावा, सतनाम वर्मा, मनमीत सिंह चावला,देवी सहाय टंडन,जसदेव तिवारी,विनोद राणा,अश्वनी अग्निहोत्री मौजूद रहे।

## 200 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक काबू

समर न्यूज़ | फिल्लौर

फिल्लौर थाने के तहत अप्परा चौकी में 2 युवकों को 200 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। यह जानकारी देते हुए अप्परा चौकी इंचार्ज सुखदेव सिंह ने बताया कि DSP फिल्लौर भरत मसीह की लीडरशिप में ड्रग्स के खिलाफ चलाए जा रहे कैंपेन के तहत कार्रवाई करते हुए दो युवकों को 200 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। जिनकी पहचान गारा के रहने वाले जोगिंदर कुमार और वरिंदर प्रकाश के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि चोकरा से अप्परा की तरफ मोटरसाइकिल पर आ रहे युवकों को नाकाबंदी के दौरान रोका गया और जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से 200 ग्राम सफेद पाउडर बरामद हुआ। अप्परा पुलिस चौकी के इतिहास में यह अब तक की सबसे बड़ी रिकवरी है।

## मूत्र नली के सिकुड़न का पक्का और बेहतरीन इलाज - अकाई अस्पताल में उपलब्ध

कुलदीप काला | लुधियाना
समर न्यूज़



अकाई अस्पताल ने यूरोलॉजी के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अब बक्कल म्यूकोसा यूरेथ्रोप्लास्टी की आधुनिक सर्जरी शुरू की है, जो मूत्र नली के संकुचन का लंबे समय के लिए स्थायी इलाज मानी जाती है।

मूत्र नली का संकुचन एक आम लेकिन गंभीर समस्या है, जिसमें पेशाब की नली संकरी हो जाती है। इसके कारण मरीज को पेशाब करने में कठिनाई, दर्द, कमजोर धार और बार-बार संक्रमण जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहले इस्तेमाल किए जाने वाले इलाज जैसे डाइलेशन या इंटरनल यूरेथ्रोटॉमी अक्सर अस्थायी होते हैं और बीमारी दोबारा हो जाती है। अब अकाई अस्पताल में की जाने वाली बक्कल म्यूकोसा यूरेथ्रोप्लास्टी सर्जरी में मरीज के गाल (मुंह के अंदरूनी हिस्से) से टिशू लेकर मूत्र नली को दोबारा बनाया जाता है। यह तरीका सबसे विश्वसनीय और सफल माना जाता है। हाल ही में, मानसा के 75 वर्षीय श्री अजीत सिंह, जिन्हें हिप फ्रैक्चर के बाद यूरेथ्रल स्ट्रिक्चर हो गया था और पहले के इलाज से राहत नहीं मिली थी, उनकी यह सर्जरी अकाई अस्पताल में सफलतापूर्वक की गई। डॉ. बलदेव सिंह औलख, मुख्य यूरोलॉजिस्ट, रोबोटिक और बक्कल म्यूकोसा एक बहुत ही अच्छा ग्राफ्ट मैटेरियल है क्योंकि यह मजबूत, शरीर के अनुकूल और संक्रमण से बचाव करने वाला होता है। इस प्रक्रिया से हम मरीजों को लंबे समय के लिए स्थायी समाधान दे सकते हैं। यह सर्जरी डॉ. बलदेव सिंह औलख की अगुवाई में डॉ. अमित तुली, डॉ. नरेश, डॉ. हिमांशु और डॉ. कृष्णा की टीम द्वारा सफलतापूर्वक की गई। सर्जरी के बाद श्री अजीत सिंह अब बहुत बेहतर तरीके से पेशाब कर रहे हैं और कहते हैं कि वे अपने आपको "20 साल जवान" महसूस कर रहे हैं। यह सर्जरी सुरक्षित है, ग्राफ्ट लेने की प्रक्रिया सरल है और मरीज जल्दी ठीक हो जाते हैं। ज्यादातर मरीजों में पेशाब की धार में बड़ा सुधार और जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि देखी जाती है।

## प्रियंका चोपड़ा ने दरबार साहिब में माथा टेका

समर न्यूज़ | अमृतसर



बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल पहुंचीं। यहां उन्होंने दरबार साहिब में माथा टेका। इसके बाद वह लंगर हॉल में गईं, जहां उन्होंने करीब डेढ़ घंटे तक बर्तन धोने की सेवा की। साथ ही लंगर के अन्य कामों में भी सहयोग किया।

प्रियंका चोपड़ा पिछले कुछ दिनों से अमृतसर में अपनी आने वाली फिल्म 'अमरी' की शूटिंग कर रही थीं। बीती रात उनकी शूटिंग पूरी हुई और काम खत्म होते ही वह सीधे गोल्डन टेंपल पहुंच गईं। वह व्हाइट कलर का शूट पहने नजर आईं। उनका सिर दुपट्टे से ढंका हुआ रहा। प्रियंका चोपड़ा आम श्रद्धालु की तरह यहां रहीं। हालांकि उन्होंने मीडिया से बात नहीं की। यह 12 दिन के भीतर उनकी दूसरी यात्रा है। इससे पहले वह 31 मार्च को भी यहां आई थीं और उस समय भी उन्होंने लंगर हॉल में सेवा की थी।

**इनोवेशन** | आज के यंग आर्टिस्ट्स का इनोवेशन, जुनून और आत्मविश्वास काबिल-ए-तारीफः एक्टर गुरप्रीत घुग्गी

## लुधियाना आर्ट फेस्टिवल सम्पन्न, कलाकार घुग्गी ने की युवा कलाकारों की सराहना

कुलदीप काला | लुधियाना
समर न्यूज़





साउथ एंड गार्डन में आयोजित काला गली 2026 आर्ट फेस्टिवल का भव्य समापन उत्साह और रचनात्मकता के शानदार माहौल में हुआ। एनजीओ इनीशिएटर्स ऑफ चेंज और नगर निगम लुधियाना के साथ मिलकर आयोजित इस अनोखे कला उत्सव ने शहर के युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने और एक सशक्त मंच पर जुड़ने का अवसर प्रदान किया।इस अवसर पर पंजाबी कॉमेडियन व अभिनेता गुरप्रीत घुग्गी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में प्रीतीश नरूला,पंजाब चाइल्ड कमीशन की वाइस चेयरपर्सन गुंजीत रुचि कौर बावा, कांग्रेसी नेता अमृता वड़िंग , पूर्व पार्षद ममता आशु, हैरी उप्पल और पूनम शर्मा मौजूद रहे।

फेस्टिवल में 15 से 25 वर्ष के 120 से अधिक युवा कलाकारों ने पेंटिंग, फोटोग्राफी, डिजिटल आर्ट, कैलिग्राफी, रेज़िन आर्ट, नेल आर्ट, क्रोशे, थ्रेड व नीडल आर्ट, हैंडमेड गिफ्टिंग और थ्रीडी आर्ट जैसी विविध विधाओं में अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही छोटे बच्चों ने सिंगिंग, डांस और कॉमेडी के माध्यम से मंच पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। समापन पर गायक जसकरण सिंह की लाइव परफॉर्मेंस ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं विभिन्न वर्कशॉप्स ने प्रतिभागियों को नई सीख भी दी।

"एक्टर गुरप्रीत घुग्गी ने कहा कि "आज के यंग आर्टिस्ट्स में जो इनोवेशन, जुनून और आत्मविश्वास है, वह वाकई काबिल-ए-तारीफ है। अगर इन्हें सही मार्गदर्शन, संसाधन और ऐसे मंच लगातार मिलते रहें, तो ये न सिर्फ अपनी अलग पहचान बनाएंगे बल्कि देश-विदेश में पंजाब का नाम भी रोशन करेंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि ये युवा अपनी कला के जरिए समाज को सकारात्मक संदेश भी दे रहे हैं, जो आने वाले समय के लिए बेहद जरूरी है।""

रुचि कौर बावा ने कहा कि "बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को इस तरह मंच मिलना बेहद सराहनीय है। यह पहल उनके सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती है।"कांग्रेस नेता अमृता वरिंग ने कहा कि"काला गली जैसे आयोजन समाज में कला और संस्कृति को नई ऊर्जा देते हैं। युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास लगातार होने चाहिए।"पूर्व पार्षद ममता आशु ने कहा कि "शहर के युवाओं की कला और मेहनत देखकर गर्व होता है। यह फेस्टिवल लुधियाना की पहचान को और मजबूत करता है।"

गौरवदीप सिंह ने "हम सभी कलाकारों, मेहमानों और सहयोगियों के आभारी हैं जिन्होंने इस फेस्टिवल को सफल बनाया। आप सभी का समर्थन ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।"अंत मेंएनजीओ इनीशिएटर्स ऑफ चेंज टीम के मिथिल गोयल, प्रेम सिंह, अर्शनूर सिंह और गौरवदीप ने सभी मेहमानों, कलाकारों और सहयोगियों का धन्यवाद किया ,अंत में सभी आर्टिस्टों को मान के साथ सम्मानित भी किया।

## चुरा लिया तुमने जो... खाली हाथ शाम... ले ले गई... आशा ताई

# सुरों की अमर आवाज, संघर्षों से भरी जिंदगी और अद्भुत विरासत

*आज जब उनकी आवाज खामोश हुई है, तब भी उनके गीत जिंदा हैं। वे गीत जो कभी महफिलों में गूंजते हैं, कभी अकेलेपन में सहारा बनते हैं, कभी प्रेम की तरह उतरते हैं और कभी दर्द की तरह दिल में टिक जाते हैं। आशा भोसले का जाना निश्चित ही एक युग का अंत है, लेकिन उनकी आवाज़, उनकी अदाएं, उनका साहस और उनकी कला हमेशा अमर रहेगी।*

समर न्यूज़ | चंडीगढ़/मुंबई

भारतीय संगीत जगत की दिग्गज गायिका आशा भोसले के निधन से देशभर में शोक की लहर है। 92 वर्ष की उम्र में उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। बताया गया कि वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थीं। उनकी पोती जनाई भोसले ने अस्पताल में भर्ती होने के समय जानकारी दी थी कि आशा भोसले अत्यधिक थकान और सीने के संक्रमण से जूझ रही थीं। बाद में उनके निधन की खबर ने संगीत प्रेमियों, फिल्म जगत और करोड़ों प्रशंसकों को गहरे सदमे में डाल दिया। अपने पीछे वह सिर्फ यादें नहीं, बल्कि सुरों का ऐसा खजाना छोड़ गई हैं जो पीढ़ियों तक गूंजता रहेगा। आशा भोसले का नाम भारतीय सिनेमा की उन विरल आवाजों में शामिल है, जिन्होंने समय, पीढ़ी और संगीत के बदलते दौर को बहुत करीब से देखा और हर दौर में खुद को साबित किया। 'नया दौर' से लेकर 'तीसरी मंजिल', 'हरे रामा हरे कृष्णा', 'उमराव जान', 'इजाज़त', 'रंगीला' और बाद के दौर तक उनकी आवाज ने हर शैली में अपनी अलग छाप छोड़ी। उनकी गायकी में शास्त्रीयता का ठहराव भी था, रोमांस की मिठास भी, कैबरे की चंचलता भी और ग़ज़लों की गहराई भी।

## जनाई भोसले ने इंस्टा पर दादी के साथ शेयर की ये फोटो



## कम उम्र में शुरू हुआ संघर्ष

आशा भोसले का जन्म 1933 में महाराष्ट्र के सांगली में हुआ। उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर जाने-माने शास्त्रीय गायक और रंगमंच कलाकार थे। परिवार में संगीत का माहौल था, लेकिन जब आशा सिर्फ 9 साल की थीं, तभी पिता का निधन हो गया। इसके बाद परिवार पर आर्थिक संकट टूट पड़ा। बड़ी बहन लता मंगेशकर ने परिवार की जिम्मेदारी संभाली और आशा भी कम उम्र में ही संगीत की दुनिया में उतर गईं। आशा भोसले ने बहुत छोटी उम्र में गायन शुरू कर दिया था। उन्होंने मराठी फिल्म माझा बाल के लिए 'चला चला नव बाला' गाया। इसके बाद हिंदी सिनेमा में उन्होंने 1948 की फिल्म चुनरिया के गीत 'सावन आया' से कदम रखा। 1949 में फिल्म रात की रानी के जरिए उन्हें पहला हिंदी सोलो गीत मिला। हालांकि, शुरुआती दौर उनके लिए आसान नहीं था। उस समय हिंदी फिल्म संगीत पर लता मंगेशकर का दबदबा था और आशा को अक्सर छोटे बैनरों या कम महत्व के गीतों तक सीमित रहना पड़ता था।

### • करिअर की बड़ी उड़ान

निजी उथल-पुथल के बीच आशा भोसले ने अपने करियर को टूटने नहीं दिया। संगीतकार ओ. पी. नैयर ने उनकी आवाज की खासियत पहचानी और उन्हें बड़े अवसर दिए। नया दौर के गीतों ने आशा भोसले को मुख्यधारा में नई पहचान दिलाई। 'उड़े जब-जब जुल्फें तेरी' और 'मांग के साथ तुम्हारा' जैसे गीतों ने उन्हें लोकप्रियता के शिखर तक पहुंचाया। इसके बाद एस. डी. बर्मन के साथ उनका काम भी बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ। लता मंगेशकर और एस. डी. बर्मन के बीच कुछ समय तक दूरी रहने पर आशा को बड़े गीत गाने का अवसर मिला और उन्होंने अपनी प्रतिभा का भरपूर परिचय दिया। 'हाल कैसा है जनाब का', 'छोड़ दो आंचल', 'दीवाना मस्ताना हुआ दिल' जैसे गीतों ने उन्हें एक चुलबुली, शोख और बहुमुखी गायिका के रूप में स्थापित किया।

ओ. पी. नैयर के साथ उनकी जोड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार गीत दिए। 'आइए मेहरबान', 'आओ हुज़ूर तुमको', 'ये है रेशमी जुल्फों का अंधेरा' और 'कजरा मोहब्बत वाला' जैसे गीत आज भी श्रोताओं के दिलों में बसे हुए हैं। इसी दौर में आशा भोसले ने यह साबित किया कि वह सिर्फ बड़ी बहन की छाया नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान बनाने वाली कलाकार हैं।

### 16 साल की उम्र में भागकर शादी

आशा भोसले की निजी जिंदगी भी कम संघर्षपूर्ण नहीं रही। महज 16 साल की उम्र में उन्होंने परिवार की इच्छा के खिलाफ गणपतराव भोसले से शादी कर ली, जो उनसे काफी बड़े थे और लता मंगेशकर के सचिव भी रहे थे। परिवार इस शादी के सख्त खिलाफ था। इस फैसले ने घर में दूरियां पैदा कर दीं और लंबे समय तक रिश्तों में कड़वाहट बनी रही। शादी के बाद आशा भोसले को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि ससुराल में उन्हें घरेलू हिंसा और अपमान सहना पड़ा। हालात इतने खराब हो गए कि वह गहरे मानसिक तनाव में चली गईं। अंततः 1960 में उन्होंने अपने पहले पति से अलग होने का फैसला किया। वह अपने तीन बच्चों हेमंत, वर्षा और आनंद के साथ मायके लौट आईं। इसके बाद धीरे-धीरे परिवार से रिश्ते फिर सामान्य होने लगे।

### 'उमराव जान' ने बदल दी छवि

आशा भोसले को लंबे समय तक चुलबुले और वेस्टर्न अंदाज के गीतों से जोड़ा जाता रहा, लेकिन उमराव जान ने उनकी छवि को नया आयाम दिया। संगीतकार खय्याम ने उनसे गजलनुमा, ठहराव भरे और बेहद संजीदा गीत गवाए। 'दिल चीज क्या है', 'इन आंखों की मस्ती के' और 'ये क्या जगह है दोस्तों' जैसे गीतों ने दिखाया कि आशा भोसले की आवाज में कितनी गहराई, नफासत और रूहानी असर है। इस फिल्म के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिला और उनकी गायकी के संजीदा पक्ष को देश-दुनिया ने नए सिरे से पहचाना।

### निजी जीवन के गहरे घाव

संगीत की ऊंचाइयों के साथ-साथ उनकी जिंदगी में दुख भी कम नहीं आए। पहली शादी से उनके तीन बच्चे हुए—हेमंत, वर्षा और आनंद। बाद के वर्षों में उन्हें गहरे व्यक्तिगत आघात सहने पड़े। उनकी बेटी वर्षा भोसले ने आत्महत्या कर ली, जबकि बेटे हेमंत का निधन कैंसर के कारण हुआ। इन दुखों ने उन्हें भीतर तक तोड़ा, लेकिन उन्होंने खुद को संभाले रखा। उनका बेटा आनंद भोसले लंबे समय से उनके कामकाज और व्यवसाय से जुड़े रहे।

### अंतिम समय तक जिंदा रही संगीत की लौ

आशा भोसले उम्र के आखिरी पड़ाव तक भी जीवंत, सक्रिय और संगीत से जुड़ी रहीं। हाल के वर्षों में उनके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिनमें उनका उत्साह और जीवन के प्रति प्रेम साफ दिखाई देता था। यही वजह है कि उनके चाहने वाले उन्हें सिर्फ एक गायिका नहीं, बल्कि जीवन से भरपूर व्यक्तित्व के रूप में भी याद करते हैं।



**दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि...**

*उनके निधन पर देशभर की बड़ी हस्तियों ने श्रद्धांजलि दी। अभिनेता अक्षय कुमार ने कहा कि उनकी सुरीली आवाज हमेशा के लिए अमर रहेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे संगीत जगत की अपूरणीय क्षति बताया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसे दुनिया भर के संगीत प्रेमियों के लिए दुख का क्षण कहा। कई कलाकारों, गायकों और प्रशंसकों ने उन्हें भारतीय संगीत की अमर स्वर-सम्राज्ञी बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।*



### एक युग का अंत

आशा भोसले का जीवन सिर्फ कामयाबी की कहानी नहीं, बल्कि जिद, संघर्ष, साहस और पुनर्निर्माण की मिसाल भी है। उन्होंने निजी टूटनों, पेशेवर प्रतिस्पर्धा, पारिवारिक दुख और सामाजिक पूर्वाग्रहों के बीच अपनी राह बनाई। बड़ी बहन लता मंगेशकर की विराट छवि के बीच अपनी अलग पहचान बनाना आसान नहीं था, लेकिन आशा भोसले ने यह कर दिखाया। उन्होंने साबित किया कि प्रतिभा अगर अडिग हो, तो वह हर छाया से बाहर निकलकर अपना आसमान बना सकती है।



### अवॉर्ड्स और उपलब्धियां

आशा भोसले ने अपने करियर में अनेक बड़े सम्मान हासिल किए। उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स, नेशनल अवॉर्ड्स, दादा साहेब फाल्के सम्मान और पद्म विभूषण जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज रहा। अलग-अलग भाषाओं में हजारों गीत गाने का उनका रिकॉर्ड उन्हें भारतीय संगीत की सबसे विलक्षण गायिकाओं में शामिल करता है।

### गायिका नहीं, सफल व्यवसायी भी थीं...

आशा भोसले सिर्फ महान गायिका ही नहीं, बल्कि एक सफल व्यवसायी भी थीं। उन्होंने रेस्तरां कारोबार में भी अपनी मजबूत पहचान बनाई। उनके नाम से जुड़े रेस्तरां भारत के बाहर दुबई, अबू धाबी, बहरीन, कुवैत और ब्रिटेन जैसे देशों में भी चर्चा में रहे। मुंबई के पेडर रोड स्थित उनका अपार्टमेंट 'प्रभु कुंज' उनकी प्रमुख संपत्तियों में गिना जाता है। मुंबई और पुणे में भी उनकी संपत्तियों का जिक्र होता रहा। हालांकि, उनकी सबसे बड़ी संपत्ति धन-दौलत नहीं, बल्कि उनकी आवाज और हजारों गीतों की विरासत है।

### पंचम के साथ संगीत और प्रेम

आशा भोसले की जिंदगी में दूसरा बड़ा मोड़ तब आया जब उनकी मुलाकात राहुल देव बर्मन यानी आर. डी. बर्मन से हुई। दोनों की पहली मुलाकात 1950 के दशक में हुई थी, लेकिन उनकी रचनात्मक साझेदारी को असली उड़ान 1966 की फिल्म तीसरी मंजिल से मिली। 'ओ हसीना जुल्फों वाली', 'आजा आजा मैं हूं प्यार तेरा' और 'ओ मेरे सोना रे' जैसे गीतों ने संगीत की दुनिया में तहलका मचा दिया।

धीरे-धीरे यह पेशेवर रिश्ता गहरे भावनात्मक संबंध में बदल गया। कहा जाता है कि आर. डी. बर्मन ने आशा भोसले को शादी के लिए प्रपोज किया था और आशा ने हामी भर दी थी। लेकिन इस रिश्ते को परिवार की स्वीकृति आसानी से नहीं मिली। आर. डी. बर्मन की मां इस शादी के खिलाफ थीं, क्योंकि आशा उनसे उम्र में बड़ी थीं और तीन बच्चों की मां भी थीं। बाद में 1980 में दोनों ने शादी की। यह रिश्ता सिर्फ प्रेम का नहीं, बल्कि हिंदी फिल्म संगीत के सबसे रचनात्मक अध्यायों में से एक बन गया।

आर. डी. बर्मन और आशा भोसले की जोड़ी ने आधुनिक, प्रयोगधर्मी और भावनात्मक संगीत का नया दौर शुरू किया। 'पिया तू अब तो आजा', 'दम मारो दम', 'मेरा कुछ सामान', 'खाली हाथ शाम आई है' जैसे गीतों ने साबित किया कि आशा भोसले हर शैली को अपनी आवाज में ढाल सकती हैं। उनकी आवाज में न सिर्फ ऊर्जा थी, बल्कि अद्भुत अभिनय क्षमता भी थी।



### नई पीढ़ी के साथ भी बनी रहीं प्रासंगिक

आशा भोसले की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने कभी खुद को किसी एक दौर तक सीमित नहीं किया। जहां कई कलाकार बदलते संगीत से असहज हो जाते हैं, वहीं आशा ने नए दौर को खुले दिल से अपनाया। ए. आर. रहमान के साथ रंगीला जैसी फिल्मों में गाकर उन्होंने साबित किया कि उम्र उनकी आवाज को बांध नहीं सकती। बाद के वर्षों में भी वह सक्रिय रहीं और नई पीढ़ी के बीच लोकप्रिय बनी रहीं। हाल के समय में उनकी पोती जनाई भोसले के साथ रिकॉर्ड किया गया गीत भी चर्चा में रहा।

# नहर में पैर फिसलने से पूर्व सरपंच के बेटे की मौत

समर न्यूज़ | रतिया



रतिया उपमंडल के गांव बाहम्मणवाला में एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसमें गांव के पूर्व सरपंच के इकलौते पुत्र की छोटी नहर (राजवाहा) में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में मातम छा गया।

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान गुरदास सिंह (पुत्र जरनैल सिंह) के रूप में हुई है। वह गेहूं की कटाई के लिए कंबाइन मशीन का पता करने दूसरे गांव गया था। लौटते समय वह गांव नंगल और हाकमवाला के बीच स्थित खेतों के पास पानी पीने के लिए नहर किनारे रुका, जहां अचानक उसका पैर फिसल गया और वह पक्की व पानी से भरी नहर में गिर गया। तेज बहाव के कारण वह खुद को संभाल नहीं सका और डूब गया।

घटना के समय वहां से गुजर रही कुछ महिलाओं ने युवक को नहर में बेहोशी की हालत में देखा और तुरंत शोर मचाकर आसपास के लोगों को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिजनों के साथ पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही बाहम्मणवाला पुलिस चौकी प्रभारी दलबीर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से युवक को नहर से बाहर निकालकर तुरंत रतिया के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे बचाने के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और बाद में चिकित्सकों के बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता के बयान के आधार पर पुलिस ने मामले में इत्तफाकिया कार्रवाई दर्ज की है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजन गहरे सदमे में हैं।

### नर्सिंग की पढ़ाई कर रही युवती की तेजधार हथियार से हत्या, आरोपी पिता हिरासत में

# गोहाना में बाप ने 23 साल की बेटी की चाकू से गला रेत कर की हत्या

समर न्यूज़ | सोनीपत



हरियाणा के सोनीपत जिले के गोहाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पिता ने अपनी ही 23 वर्षीय बेटी की कथित तौर पर हत्या कर दी। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और लोगों में डर व आक्रोश का माहौल बन गया।

घटना गोहाना के देवीनगर कॉलोनी की बताई जा रही है। मृतका की पहचान चीनू (23) के रूप में हुई है, जो नर्सिंग (जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी) की पढ़ाई कर रही थी और अपने भविष्य को लेकर बड़े सपने देख रही थी।

पुलिस के अनुसार, युवती की हत्या तेजधार हथियार से की गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। साथ ही साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम को भी बुलाया गया, जो मौके से अहम सुराग इकट्ठा कर रही है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि युवती के पिता अनिल पर ही हत्या का आरोप है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है, ताकि मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सके।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस हत्या के पीछे घरेलू कलह या किसी प्रेम प्रसंग को लेकर विवाद होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद ही असली वजह सामने आएगी। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी जितेंद्र गहलावत भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

डीएसपी के अनुसार, "मामले की गहनता से जांच की जा रही है और हत्या के पीछे की वजह जानने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।"

वार्ड नंबर 3 के पार्षद नरेंद्र कुमार ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि युवती बेहद होनहार थी और नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना समाज के लिए बेहद चिंताजनक है और सच्चाई सामने आना जरूरी है। इस घटना के बाद इलाके में शोक और भय का माहौल है।

# कपड़े गायब होने को लेकर भिड़ीं महिलाएं

समर न्यूज़ | पानीपत

हरियाणा के पानीपत जिले के मॉडल टाउन क्षेत्र में महिलाओं के बीच जमकर मारपीट का मामला सामने आया। किराए के क्वार्टर में रहने वाली महिलाओं के बीच कपड़े गायब होने को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि बात हाथापाई तक पहुंच गई।

जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के गोंडा निवासी एक महिला राजरजनी के कमरे से उसके कपड़े गायब हो गए थे। वह अपने कमरे में कपड़े ढूंढ रही थी और इस दौरान कुछ बातें कह रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली महिलाओं को लगा कि उन पर चोरी का आरोप लगाया जा रहा है, जिसके बाद विवाद शुरू हो गया।

देखते ही देखते दोनों पक्षों में कहासुनी तेज हो गई और मामला मारपीट में बदल गया। आरोप है कि कुछ महिलाओं ने राजरजनी को कमरे से बाहर खींचकर गली में लाकर उसके साथ मारपीट की। इस दौरान बाल पकड़कर खींचने और जमीन पर गिराकर पीटने की भी घटना सामने आई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झगड़े में कुछ बच्चे भी शामिल हो गए और उन्होंने भी हाथापाई की। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति को शांत कराया।

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें महिलाओं को एक-दूसरे से झगड़ते और बाल खींचते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में कुछ बच्चे भी मारपीट में शामिल नजर आ रहे हैं।

सूचना मिलने पर मॉडल टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस के अनुसार, शुरुआत में पीड़िता की ओर से शिकायत दी गई थी, लेकिन बाद में दोनों पक्षों ने आपसी समझौते की बात कहकर शिकायत वापस ले ली।

हालांकि, पुलिस ने वीडियो के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई जा रही है।

# खरखौदा के हार्डवेयर स्टोर में आग लगने से मची अफरा-तफरी, सामान खाक

समर न्यूज़ | सोनीपत



सोनीपत के खरखौदा शहर स्थित दिल्ली चौक पर रविवार तड़के एक हार्डवेयर की दुकान में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सुबह करीब साढ़े पांच बजे लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया।

दुकान के अंदर रखे पेंट और अन्य ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। देखते ही देखते लपटों ने पूरे प्रतिष्ठान को घेर लिया, जिससे अंदर रखा हार्डवेयर का सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दुकान की छत का एक हिस्सा भी गिर गया।

दुकान मालिक संजीव उर्फ कालू ब्रेजा के मुताबिक इस हादसे में उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान आग तेजी से फैलने से आसपास के दुकानदारों में दहशत फैल गई और उन्होंने एहतियात के तौर पर अपना सामान बाहर निकाल लिया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। फिलहाल प्रशासन आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है।

## दमकल कर्मियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही

समर न्यूज़ | गुरुग्राम

गुरुग्राम में अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल रविवार को चौथे दिन भी जारी रही। सेक्टर-29 स्थित फायर स्टेशन पर कर्मचारी अपनी 22 मांगों को लेकर धरने पर डटे रहे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों का कहना है कि लगातार चार दिन तक ड्यूटी से दूर रहना उनके लिए आसान नहीं है, लेकिन मजबूरी में यह कदम उठाना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि फरीदाबाद अग्निकांड में जान गंवाने वाले दमकलकर्मियों के परिवारों को अब तक संतोषजनक सहायता नहीं मिली, जिससे विभाग में भारी नाराजगी है।

### सोनीपत के बिधल गांव में मंत्री पहुंचे खेतों में

# मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने पत्नी संग खेतों में की लामणी

समर न्यूज़ | सोनीपत



सोनीपत जिले के गांव बिधल में एक अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा अपनी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा के साथ सीधे खेतों में पहुंच गए और किसानों के साथ फसल कटाई (लामणी) में हिस्सा लिया। मंत्री दंपति ने खेत में काम कर रही महिला मजदूरों के साथ मिलकर गेहूं की कटाई की और ग्रामीण जीवन से जुड़ाव का संदेश दिया।

जानकारी के अनुसार, मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान के तहत सोनीपत के सलारपुर माजरा गांव में आयोजित कार्यक्रम के बाद लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने हाल ही में हुई आंधी और बारिश से फसलों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए अचानक अपना काफिला गांव बिधल की ओर मोड़ दिया। यहां वे सीधे किसान अजीत के खेत में पहुंचे।

खेत में उस समय मजदूर महिलाएं पुष्पा और पूनम फसल की कटाई कर रही थीं। मंत्री ने न केवल खेत में जाकर कार्य का निरीक्षण किया, बल्कि खुद भी उनके साथ लामणी कर कृषि कार्य में भागीदारी की। इसके बाद मंत्री दंपति ने किसान परिवार के साथ खेत किनारे बैठकर भोजन भी किया, जिससे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मिट्टी से जुड़ाव ही असली मेहनत और प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति खेत, किसान और हरियाणा से प्रेम करता है, उसके लिए खेत में उतरकर काम करना एक सहज भाव बन जाता है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दोनों ही किसान परिवारों से जुड़े हैं और सरकार लगातार किसानों के हित में काम कर रही है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि मंडियों में गेहूं की खरीद प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और सरकार का लक्ष्य है कि किसी भी किसान को परेशानी न हो। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि हर एक दाना गेहूं न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीदा जाएगा और खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू बनाया जाएगा।

# एसीबी की कार्रवाई : फॉरेस्ट अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

समर न्यूज़ | करनाल



हरियाणा के करनाल जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने वन विभाग के एक अधिकारी को डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पर एक किसान को झूठे आरोपों में फंसाने और उसे डराकर अवैध वसूली करने का आरोप है।

जानकारी के मुताबिक, आरोपी फॉरेस्ट ऑफिसर चांदवीर ने असंध-जींद रोड क्षेत्र में एक किसान पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने और अवैध रूप से पेड़ काटने के मनगढ़ंत आरोप लगाए। किसान अपने खेत में फार्म हाउस के लिए रास्ता साफ करवा रहा था, तभी अधिकारी ने उसे कार्रवाई का डर दिखाया। आरोपी ने किसान को 15 लाख रुपये के भारी जुर्माने का भय दिखाकर मानसिक दबाव बनाया। इतना ही नहीं, उसने जेसीबी मशीन से फार्म हाउस के रास्ते में गड्ढे खुदवाकर किसान को और अधिक परेशान किया। बाद में मामला सुलझाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत की मांग की गई।

पीड़ित किसान ने इस संबंध में एसीबी से शिकायत की, जिसके बाद इंस्पेक्टर सुल्तान सिंह के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाया। योजना के तहत किसान को पाउडर लगे नोट दिए गए और आरोपी को पैसे लेने के लिए बुलाया गया। असंध रोड स्थित एक प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय में जैसे ही किसान ने आरोपी को पैसे दिए, पहले से मौजूद एसीबी टीम ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान आरोपी के हाथ धुलवाने पर रिश्वत लेने की पुष्टि हुई।

आरोपी का करनाल के नागरिक अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसके बाद उसे अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

एसीबी ने कहा है कि मामले में अन्य किसी की संलिप्तता सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम जनता से अपील की गई है कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी रिश्वत मांगता है तो इसकी सूचना तुरंत एसीबी को दें, ताकि भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## फरुखनगर में बस क्यू शेल्टर गायब, सरकारी संपत्ति को नुकसान

समर न्यूज़ | गुरुग्राम

गुरुग्राम के फरुखनगर क्षेत्र में बस क्यू शेल्टर गायब या क्षतिग्रस्त पाए जाने से हड़कंप मच गया है। कई स्थानों पर लगाए गए लाखों रुपये के बस शेल्टर या तो उखाड़ दिए गए हैं या पूरी तरह से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़े मिले हैं, जिससे सरकारी संपत्ति को बड़ा नुकसान हुआ है और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

चांदनगर मोड़ पर लगाया गया बस क्यू शेल्टर श्मशान घाट के पास कूड़े में पड़ा मिला, जो स्थानीय लोगों और यात्रियों के लिए धूप व बारिश से बचने का एकमात्र सहारा था। इसके गायब होने के बाद अब यात्रियों को खुले में खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ रहा है।

# ओल्ड फ्लाईओवर पर ऑटो से टकराने के बाद बुलेट में लगी आग, चालक बचा

समर न्यूज़ | फरीदाबाद



फरीदाबाद के ओल्ड फरीदाबाद फ्लाईओवर पर हाईवे किनारे खड़े एक ऑटो से टकराने के बाद बुलेट मोटरसाइकिल में आग लग गई। इस हादसे में बाइक सवार 60 वर्षीय व्यक्ति बाल-बाल बच गया, जबकि मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। जानकारी के अनुसार, डबुआ निवासी राजकुमार किसी कार्य से बदरपुर बॉर्डर गए थे और लौटते समय यह हादसा हुआ। ओल्ड फरीदाबाद फ्लाईओवर पर उनकी बुलेट मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़े ऑटो से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सड़क पर काफी दूरी तक घिसटती चली गई और इसी दौरान उसमें आग लग गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल राजकुमार को बादशाह खान नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इसी बीच एक अन्य घटना में फरीदाबाद के जवाहर कॉलोनी स्थित प्रेस कॉलोनी क्षेत्र में प्लास्टिक सामान की दुकान में भीषण आग लग गई, जिसमें लगभग 10 लाख रुपये के सामान के नुकसान का अनुमान है। दुकान में लगी आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरा सामान जलकर राख हो गया। पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

# तेज रफ्तार थार ने राहगीरों को मारी टक्कर, चालक फरार

समर न्यूज़ | बहादुरगढ़



हरियाणा के बहादुरगढ़ स्थित कबाड़ी बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब एक तेज रफ्तार थार गाड़ी ने सड़क पर चल रहे राहगीरों को जोरदार टक्कर मार दी। अचानक हुए इस हादसे से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जिससे स्थानीय लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, थार वाहन काफी तेज गति में था और नियंत्रण खोने के बाद उसने सड़क किनारे चल रहे लोगों को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कुछ लोग घायल हो गए, हालांकि घायलों की संख्या और स्थिति की आधिकारिक पुष्टि पुलिस द्वारा नहीं की गई है। घटना के बाद वाहन भाटिया शू पैलेस के सामने कबाड़ी बाजार में खड़ा रह गया। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। चालक के फरार होने से नाराज भीड़ ने वाहन में तोड़फोड़ शुरू कर दी और गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। देखते ही देखते मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और भीड़ को शांत कर स्थिति पर नियंत्रण पाया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त थार वाहन को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, फरार चालक की पहचान और तलाश के लिए टीमों को लगाया गया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

**ये कैसी पढ़ाई**

### शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

# सरकारी स्कूलों में 11 दिन बाद भी नहीं पहुंची पुस्तकें

समर न्यूज़ | फरीदाबाद



फरीदाबाद जिले के सरकारी स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए 11 दिन बीत जाने के बाद भी छात्रों को नई किताबें नहीं मिल पाई हैं। किताबों की अनुपलब्धता के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और शिक्षा व्यवस्था की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जिले के फरीदाबाद और बल्लभगढ़ ब्लॉक में कुल 378 सरकारी स्कूल संचालित हैं, जहां करीब 1.25 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। नए सत्र की शुरुआत के साथ ही दाखिला प्रक्रिया भी चल रही है, लेकिन अब तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भी किताबों की आपूर्ति नहीं पहुंची है। इससे स्पष्ट नहीं है कि स्कूलों में किताबें कब तक उपलब्ध कराई जाएंगी।

स्थिति यह है कि छात्र फिलहाल पुरानी और अधूरी किताबों तथा नोट्स के सहारे पढ़ाई करने को मजबूर हैं। कई स्कूलों में प्रमोट हुए विद्यार्थियों की पुरानी किताबें नए छात्रों को दी जा रही हैं, जिनमें कई पन्ने गायब हैं और कुछ किताबें बेहद जर्जर स्थिति में हैं। कई विद्यालयों में तो सभी विद्यार्थियों को पुरानी किताबें भी उपलब्ध नहीं हो सकी हैं।

शिक्षकों को मजबूरी में नोट्स और वैकल्पिक सामग्री के जरिए पढ़ाई करानी पड़ रही है, जिससे पाठ्यक्रम समय पर पूरा होने को लेकर चिंता बढ़ गई है। शिक्षाविदों का मानना है कि यदि किताबें समय पर नहीं पहुंचीं तो इसका सीधा असर परीक्षा परिणामों पर पड़ सकता है।

गौरतलब है कि सरकारी नियमों के अनुसार कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को निशुल्क किताबें उपलब्ध कराई जाती हैं और इन्हें मार्च के दूसरे सप्ताह तक स्कूलों में पहुंच जाना चाहिए था, ताकि नए सत्र की शुरुआत सुचारू रूप से हो सके।

पिछले वर्ष भी किताबें देरी से मिलने के कारण छात्रों को आधे सत्र तक इंतजार करना पड़ा था, जिससे शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी थी। इस बार भी वही स्थिति दोहराई जा रही है।

शिक्षा विभाग का कहना है कि किताबों की डिमांड पहले ही भेजी जा चुकी है और अगले सप्ताह तक किताबें जिले में पहुंचने की संभावना है, जिसके बाद उन्हें स्कूलों में वितरित किया जाएगा। फिलहाल विद्यार्थियों को पुरानी किताबों के सहारे ही पढ़ाई करनी पड़ रही है। इस देरी ने न केवल शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावित किया है, बल्कि अभिभावकों की चिंता भी बढ़ा दी है।

## हरियाणा में 14–15 अप्रैल को हल्की बारिश के आसार

समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र

हरियाणा में मौसम का मिजाज लगातार बदला हुआ है और 14–15 अप्रैल को प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, सक्रिय हो रहे हल्के पश्चिमी विक्षोभ के चलते तेज हवाएं भी चल सकती हैं, जबकि पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में साफ दिखाई दे रहा है। शनिवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे, जबकि देर शाम कुरुक्षेत्र और पिहोवा क्षेत्र में हल्की बारिश दर्ज की गई। वहीं करनाल के तरावड़ी और नीलोखेड़ी इलाके में देर रात बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई, जिससे मौसम ठंडा बना रहा। लगातार पिछले कई दिनों से तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। दिन का अधिकतम तापमान 30 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

# काम करने के बजाए जरूरत से ज्यादा बोल रहे हैं कुछ लोग : जयराम ठाकुर

**कहा, कांग्रेस सरकार ने आपकी मांग पर खोले संस्थान बंद किए, आप भी कांग्रेस को वोट देना बंद करें**

## सराज दौरे पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भरी हुंकार, मुख्यमंत्री और कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

समर न्यूज़ | मंडी



पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अपने गृह विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम इलाकों बागी,बांदल, खुनाची, डगैल, पलेउनी धार और थरापड़ गांवों का दौरा कर वहां के निवासियों से मुलाकात कर समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने पंचायत चुनावों पर कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे आपसी तालमेल और विकास के एजेंडे के साथ चुनावी मैदान में उतरें। उन्होंने दावा किया कि पंचायत चुनाव में तो सरकार को झटका लगेगा ही आगामी विधानसभा चुनावों में भी भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी और प्रदेश को कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों से मुक्ति दिलाकर विकास की एक नई इबारत लिखेगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री और मंत्रियों की बयानबाजी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सत्ता जनता की सेवा और विकास के लिए मिली है, न कि बदले की भावना से काम करने के लिए। कुछ लोग काम करने के बजाए जरूरत से ज्यादा बोल रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठी गारंटियां देकर सत्ता में आई है। आते ही इन्होंने आपके इलाके में आपकी मांग पर खुले संस्थान बंद कर दिए। इन्होंने आपके दस काम बंद कर दिए आप भी अब एक काम करना कि कांग्रेस को वोट देना ही बंद करें। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल के सबसे दुर्गम क्षेत्रों में जो सड़कों का जाल दिखाई दे रहा है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सौजन्य से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि आज जिस सड़क से यहां पहुंचा हूं उसका निर्माण भी केंद्र से मिले 14 करोड़ की राशि से हुआ है। आप सभी जानते हैं कि इसका निर्माण कब शुरू हुआ था और आज इसका निर्माण पूरा हुआ है। सराज विधान सभा क्षेत्र की इस पटकरी-भड़हा-सिल्ह- कशीम्बलीधार की 18 किमी लंबी सड़क से जुड़ने वाली पंचायतों बागी, खुनाची, डगैल, पालेऊणीधार, थरापड़, रूभड़ी, शिल्ह, भड़हा के लोगों से मुलाकात करते हुए कहा कि यह सड़क विधायक प्राथमिकता से बनी हैं। नाबार्ड द्वारा 14 करोड़ और राज्य सरकार द्वारा 2 करोड़ का प्रावधान पूर्व की भाजपा सरकार के समय 2018 में किया था। सारी प्रक्रिया पूरी कर 2021 में काम शुरू हुआ और 2025 में बनकर तैयार हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और नाबार्ड के माध्यम से निरंतर मिल रहे बजट ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के 'पीठ का बोझा' उतारने का काम किया है, जिससे उनके जीवन स्तर में व्यापक सुधार आया है।विरोधियों द्वारा उनके क्षेत्र में सड़कों के निर्माण पर उठाए गए सवालों का कड़ा जवाब देते हुए ठाकुर ने कहा कि 29 वर्षों से विधायक के रूप में मैंने इन दुर्गम रास्तों को पैदल नापा है और जनता के दुख-दर्द को करीब से महसूस किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री बनने से पूर्व ही उनकी विधानसभा की सभी पंचायतें सड़कों से जुड़ चुकी थीं और उनके कार्यकाल में बिना किसी भेदभाव के पूरे हिमाचल का एक समान विकास सुनिश्चित किया गया। वर्तमान कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार 'काम करने वाली नहीं, बल्कि काम रोकने वाली सरकार' है, जिसने सत्ता में आते ही प्रदेश में चल रहे 2000 से अधिक जनहितकारी संस्थानों को बंद कर दिया।

### हरोली उत्सव-2026 का भव्य आगाज़

# मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शोभायात्रा के साथ किया शुभारंभ

राकेश | ऊना
समर न्यूज़




बैसाखी के उत्साह और लोक संस्कृति की रंगीन छटा के बीच हरोली में शनिवार को राज्य स्तरीय हरोली उत्सव–2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की मौजूदगी में इस चार दिवसीय उत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। यह आयोजन 11 से 14 अप्रैल तक सोमभद्रा नदी तट स्थित हरोली मैदान, रोड़ा में आयोजित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरुआत माता श्री चिंतपूर्णी मंदीर की पावन ज्योति की पूजा-अर्चना से की। पूरे क्षेत्र में आस्था और उल्लास का माहौल देखने को मिला।इससे पहले बस अड्डा परिसर से निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे आयोजन को जनोत्सव का रूप दे दिया। पारंपरिक पगड़ी पहने मुख्यमंत्री शोभायात्रा में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की गूंज, बैंड-बाजों की धुन और सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। सड़कों के किनारे उमड़ी भीड़ ने उत्सव के प्रति लोगों के उत्साह को दर्शाया। मुख्यमंत्री ने उपमुख्यमंत्री के साथ खुली जीप में सवार होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान विधायक राकेश कालिया, सुदर्शन बबलू और विवेक शर्मा भी मौजूद रहे।शाम को आयोजित पहली सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सभी को हरोली उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उत्सव प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने भव्य आयोजन के लिए उपमुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना भी की।

सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गायक गिप्पी ग्रेवाल ने अपने लोकप्रिय गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया और पूरा मैदान उत्साह से गूंज उठा। 12 अप्रैल को पंजाबी कलाकार जस्सी गिल और प्रभ गिल अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में रंग जमाएंगे।

# हरोली उत्सव को लेकर धन वसूली के आरोप, भाजपा नेता धर्मेंद्र राणा ने दिखाए दस्तावेज

राकेश | ऊना
समर न्यूज़

ऊना में हरोली उत्सव को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र राणा ने सहकारिता विभाग की विभिन्न कोऑपरेटिव सोसायटियों से धन वसूली किए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया के समक्ष कुछ दस्तावेज भी प्रस्तुत किए, जिन्हें उन्होंने अपने आरोपों का प्रमाण बताया। प्रेस वार्ता के दौरान धर्मेंद्र राणा ने कहा कि हरोली उत्सव के आयोजन के नाम पर गगरेट ब्लॉक की 34 कोऑपरेटिव सोसायटियों से धन एकत्र किया गया। उनके अनुसार, इस संबंध में एक सूची भी सामने आई है, जिसमें अलग-अलग सोसायटियों द्वारा दी गई राशि का स्पष्ट उल्लेख है। सूची में कुछ सोसायटियों द्वारा 3500 रुपए, तो कुछ द्वारा 2500 रुपए तक की राशि दिए जाने का विवरण दर्ज है। कुल मिलाकर इस सूची में एक लाख रुपए एकत्र किए जाने की बात सामने आई है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उक्त सूची के अंत में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की दौलतपुर शाखा की मोहर लगी हुई है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि यह राशि एसडीएम कम चेयरमैन, राज्य स्तरीय हरोली उत्सव के नाम पर प्राप्त हुई है। दस्तावेज के अनुसार, यह धनराशि खाता संख्या 50060882749 में जमा करवाई गई है। एक अन्य बैंक रसीद भी मीडिया को दिखाई, जिसमें इसी खाते में एक लाख रुपए जमा होने का विवरण दर्ज है। यह केवल गगरेट ब्लॉक से जुड़े प्रमाण हैं और यदि विस्तृत जांच की जाए तो अन्य क्षेत्रों से भी इसी प्रकार की जानकारी सामने आ सकती है। भाजपा नेता ने इस पूरे मामले को किसानों और आम जनता के हितों से जुड़ा बताते हुए कहा कि कोऑपरेटिव सोसायटियों में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अपनी मेहनत की कमाई जमा करते हैं। ऐसे में इस धन का उपयोग इस तरह से किया जाना उचित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह राशि अप्रत्यक्ष रूप से किसानों के पैसे से ली गई है। धर्मेंद्र राणा ने सरकार से मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और यदि वसूली की पुष्टि होती है तो संबंधित राशि को वापस किया जाए। यदि सरकार इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं करती है, तो भाजपा किसान मोर्चा जन आंदोलन शुरू करेगा।

# सेवानिवृत्त परिवहन कर्मचारियों में रोष, आंदोलन की चेतावनी

संजीव | कांगड़ा
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश के परिवहन विभाग से जुड़े सेवानिवृत्त कर्मचारियों में अपनी लंबित मांगों को लेकर असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। हाल ही में नूरपुर जोन के अंतर्गत जसूर में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में कर्मचारियों ने सरकार और विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष कृपाल पठानिया ने की, जिसमें जिला अध्यक्ष जोगिंदर पठानिया, जिला सचिव नसीब सिंह और प्रेम सचिव शाम सिंह सहित बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि उन्हें समय पर पेंशन, चिकित्सा सुविधाएं और अन्य वित्तीय लाभ नहीं मिल रहे हैं।

### हिमाचल विरोधी राजनीति कर रही भाजपा

# केंद्र में नहीं उठ रही प्रदेश की आवाज : मुख्यमंत्री सुक्खू

राकेश | ऊना
समर न्यूज़




हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ऊना में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में शिक्षा और विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर पहले की तुलना में बेहतर हुआ है और सरकार लगातार जनहित में योजनाएं लागू कर रही है। इस दौरान उन्होंने भाजपा को हिमाचल विरोधी करार देते हुए कहा कि प्रदेश के चारों सांसद और भाजपा के विधायक केंद्र में हिमाचल के हितों की आवाज उठाने में विफल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री द्वारा आपदा राहत के लिए घोषित धनराशि अभी तक हिमाचल को नहीं मिली है, लेकिन भाजपा के किसी भी नेता ने इस मुद्दे को मजबूती से नहीं उठाया।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि उनकी सरकार पिछली सरकार द्वारा लिए गए कर्ज को चुकाने के साथ-साथ उस पर ब्याज भी भर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार वित्तीय अनुशासन के साथ काम कर रही है और प्रदेश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के प्रयास जारी हैं। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार सीमित संसाधनों के बावजूद विकास कार्यों को गति दे रही है।

भाजपा पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पार्टी सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस सरकार को बदनाम करने के लिए सुनियोजित अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भाजपा ने अपने दफ्तरों में कुछ इनफ्लुएंसर्स तक को नियुक्त किया हुआ है, क्योंकि उनके पास जनता के सामने रखने के लिए ठोस मुद्दे नहीं हैं।आपदा के समय सरकार की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार हर संकट में जनता के साथ खड़ी रही है, जबकि भाजपा ने ऐसे समय में सहयोग नहीं किया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भाजपा का कोई नेता प्रधानमंत्री से मिलकर हिमाचल के हितों की बात करने की हिम्मत रखता है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर RDG का पैसा न देने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद राज्य सरकार विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। अंत में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पर अब तक भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है और वे पारदर्शिता के साथ काम कर रहे हैं।

# चिंतपूर्णी धाम में उमड़ी भारी भीड़, श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम

विकास | चिंतपूर्णी
समर न्यूज़



रविवार की छुट्टी के चलते माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि श्रद्धालुओं की डबल लाइन लुधियाना धर्मशाला भवन से भी आगे तक पहुंच गई।

बढ़ती गर्मी और तेज धूप को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए। कतारों में खड़े लोगों को राहत देने के लिए जगह-जगह टेंट लगाए गए, ताकि उन्हें धूप से बचाया जा सके। इसके अलावा पीने के पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई। भीड़ को नियंत्रित करने और दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी। लाइन में लगे आम श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए 'सुगम दर्शन व्यवस्था' को समय-समय पर बंद रखा गया। इससे सामान्य कतार में लगे लोगों को आगे बढ़ने में सुविधा मिल सकी।सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए होमगार्ड और पूर्व सैनिकों की तैनाती की गई, जिन्हें व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

# शिमला में एलपीजी आपूर्ति सामान्य, पैनिक बुकिंग से बचने की अपील

संजू | शिमला
समर न्यूज़



शिमला में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने स्पष्ट किया है कि मध्य-पूर्व संकट के बावजूद जिले में एलपीजी की उपलब्धता पूर्व की तरह ही सुचारू रूप से जारी है।हालांकि, हाल के दिनों में उपभोक्ताओं द्वारा घबराहट में की जा रही बुकिंग (पैनिक बुकिंग) के कारण कृत्रिम रूप से मांग बढ़ गई है। विभाग के अनुसार कई उपभोक्ता अपनी वास्तविक जरूरत के बजाय पात्रता के आधार पर सिलेंडर बुक कर रहे हैं, जिससे वितरण प्रणाली पर दबाव बढ़ रहा है और अनावश्यक बैकलॉग की स्थिति उत्पन्न हो रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एलपीजी एजेंसियों के काउंटरों पर रिफिल सिलेंडरों का वितरण नहीं किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में एलपीजी की आपूर्ति घर-घर (डोरस्टेप डिलीवरी) के माध्यम से की जा रही है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व निर्धारित रूट चार्ट और फोकल प्वाइंट डिलीवरी प्रणाली के अनुसार वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है।इसके बावजूद कुछ उपभोक्ता एजेंसी काउंटरों पर जाकर तत्काल सिलेंडर लेने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे विभाग ने नियमों के विरुद्ध बताया है। इससे एजेंसियों पर अनावश्यक दबाव और कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका भी जताई गई है।जिला प्रशासन ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे घबराहट में एलपीजी बुकिंग न करें और केवल अपनी वास्तविक खपत के अनुसार ही रिफिल बुक करें। साथ ही, एजेंसी काउंटरों पर जाने से बचें और डिलीवरी कर्मचारियों के साथ सहयोग करते हुए घर-घर या निर्धारित स्थान पर सिलेंडर प्राप्त करें।

प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि जिले में एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने स्पष्ट किया है कि मध्य-पूर्व संकट के बावजूद जिले में एलपीजी की उपलब्धता पूर्व की तरह ही सुचारू रूप से जारी है।

# आक्रोश रैली में बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला

समर न्यूज़ | नाहन



नाहन में आयोजित आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में बीते साढ़े तीन वर्षों में प्रदेश की स्थिति बदतर हो गई है और आम जनता पर इसका सीधा असर पड़ा है।

डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हत्या, लूट, गैंगवार, गोलीबारी और महिला उत्पीड़न जैसे मामलों में बढ़ोतरी हुई है, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने यह भी दावा किया कि नशा और अन्य माफिया गतिविधियों को सरकारी संरक्षण मिल रहा है।

आर्थिक मुद्दों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को भारी कर्ज में डुबो दिया है। उनके अनुसार, साढ़े तीन साल में करीब 45,000 करोड़ रुपये का कर्ज लिया गया, जिससे कुल कर्ज 1.10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। साथ ही पेट्रोल और डीजल पर बढ़े वैट के कारण महंगाई में लगातार इजाफा हो रहा है।उन्होंने सरकार पर आम जनता पर आर्थिक बोझ डालने का आरोप लगाते हुए कहा कि सीमेंट, बिजली, पानी, राशन और परिवहन किराए में भारी वृद्धि की गई है।

# राष्ट्रीय प्रशिक्षक योगेंद्र योगी सीखा रहे योग

## मंडी में सज़ा चार दिवसीय एडवांस मेडिटेशन शिविर

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़




लोगो को योग से जोड़ने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग संस्था देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी बेहतर कार्य कर रही है। संस्था योग शिविरों के माध्यम से जहां लोगों को निरोग रहने का संदेश दे रही है, वहीं मानसिक शांति के लिए योग के महत्व पर संस्था द्वारा विशेष भी बल दिया जा रहा है।

इसी उद्देश्य के साथ छोटी काशी मंडी में इन दिनों आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा चार दिवसीय एडवांस मैडिटेशन शिविर आयोजित किया जा रहा है।

इस शिविर में संस्था के राष्ट्रीय प्रशिक्षक योगेंद्र योगी लोगों को योग की विभिन्न क्रियाएं सीखा रहे है। इस मौके पर उन्होंने बताया कि आज की भाग दौड़ भरी इस दुनिया मे योग कितना जरूरी हर कोई इस बात को जानता है। वे स्वयं पिछ्ले 27 सालों से संस्था के साथ जुड़े है और आज दिन तक सैंकड़ो शिविरों के माध्यम से लोगों को योग सीखा चुके है। मंडी में आयोजित इस विशेष शिविर में मौन ध्यान की क्रिया सिखाई जा रही हैं, जो आंतरिक शांति के बहुत ही सहायक है।

बता दे की आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की मंडी इकाई द्वारा इस शिविर का आयोजन शहर के मोतीपुर में करवाया जा रहा है। मंडी इकाई प्रशिक्षक महेश वालिया ने बताया कि संस्था द्वारा साल में इस तरह के 5-6 योग शिविर आयोजित किये जाते है। इस शिविर के संपन्न होने के बाद आगामी 21 अप्रैल से एक और शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से इस शिविर में भी बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की है। इस मौके पर मंडी इकाई की ओर से सुरेश गुप्ता सहित अन्य भी मौजूद रहे।

**लाभांवित** | प्राकृतिक खेती उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से किसान हो रहे लाभांवित

# मंडी में 48 हजार किसानों ने अपनाई प्राकृतिक खेती की राह

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़





प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयास रंग लाने लगे हैं। राज्य में प्राकृतिक खेती से उत्पादित अनाज पर देशभर में सबसे अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। सरकार किसानों को उनकी मेहनत का उचित सम्मान व फसल का बेहतर दाम प्रदान कर एक नई मिसाल कायम कर रही है। मंडी जिला में दो साल में ही लगभग 78 लाख रुपए के लाभ इन किसानों को प्रदान किए जा चुके हैं। गत तीन वर्षो में जिला मंडी में 23291 नए किसान प्राकृतिक खेती से जुड़े हैं।

जिला मंडी में वर्तमान में 48,380 किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। सरकार द्वारा इस वर्ष के बजट में प्राकृतिक विधि से उत्पादित गेहूं का समर्थन मूल्य 60 से बढ़ाकर 80 रुपए प्रति किलोग्राम, मक्की का समर्थन मूल्य 40 से बढ़ाकर 50 रुपए प्रति किलोग्राम, हल्दी का समर्थन मूल्य 90 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़ाकर 150 रुपए प्रति किलोग्राम करने पर प्रदेश सहित मंडी जिला के किसान भी खुशी से चहक रहे हैं। पहली बार अदरक का समर्थन मूल्य 30 रुपए प्रति किलोग्राम घोषित किया गया है। सरकाघाट के धनालग गांव की नीलम, सुंदरनगर की प्रेमलता, बल्ह के घट्टा गांव की लीला देवी तथा करसोग की गीता का कहना है कि प्राकृतिक विधि से उपजाए अनाजों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से उनकी आर्थिकी में सुधार आ रहा है और किसानों की जीविका साधन सुदृढ़ करने की दिशा में यह बेहतर कदम है।

## ट्रैफिक, सीवरेज और अतिक्रमण ने बिगाड़ी रफ्तार, लोगों का जीना हुआ मुश्किल

# बिना प्लानिंग से बढ़ रहा शहर जीरकपुर

### जाम-गंदगी-अव्यवस्था से जूझता, लोगों के लिए बना मुसबित का घर

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज़

तेजी से विकसित हो रहे ट्राइसिटी के अहम शहर जीरकपुर में विकास की रफ्तार अब अव्यवस्था में बदलती नजर आ रही है। शहर की सड़कों पर जाम, कॉलोनियों में सीवरेज ओवरफ्लो और हर तरफ अतिक्रमण ने लोगों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी को चुनौती बना दिया है। वीआईपी रोड, बलटाना लाईट पॉइंट, पटियाला चौक आदि स्थान जाम के हॉटस्पॉट बने हुए हैं। पीक आवर में 10 मिनट का सफर 30 मिनट में तय होता है। एम्बुलेंस और स्कूल बसें भी जाम में फंस रही हैं। यह समस्या अवैध पार्किंग, बढ़ती गाड़ियां और अतिक्रमण के कारण और भी बढ़ रही है। ढकोली, बलटाना और सिंहपुरा में सोसाइटियां तेजी से बढ़ रही है, सड़कें और पार्किंग व्यवस्था कम पड़ रही है। बिना मास्टर प्लान के हुआ विकास लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है।





(1) नागला रोड पर ओवरफ्लो होता हुआ सीवर के पानी से निकलते वाहन चालक (2) पटियाला रोड पर ओवरफ्लो होता हुआ सीवरेज (3) सड़कों पर जाम में फंसे वाहन। - समर न्यूज़

**▪ सीवरेज बना बड़ी समस्या**

कई इलाकों में सीवरेज ओवरफ्लो होने से सड़कों पर गंदा पानी और बदबू फैल रही है।

बरसात में हालात और भी खराब हो जाते हैं जिसके कारण बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है। बस स्टॉप, मार्केट और सड़कों पर अवैध कब्जा, रेहड़ी-फड़ी और अवैध दुकानें सड़कों को और भी संकरी कर रही है जिसके कारण ट्रैफिक और पैदल चलने वालों दोनों को परेशानी होती है।

**▪ लोगों की मांग**

स्थानीय निवासियों संजय शर्मा, रवि कुमार, कुलभूषण शर्मा, गुरसेवक सिंह, सिमरनजीत सिंह, नेहा शर्मा, डॉ अजय यादव आदि का कहना है कि स्थायी ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान से ट्रैफिक समस्या पर काबू पाया जाना चाहिए। सीवरेज और ड्रेनेज सिस्टम अपग्रेड करने पर काम करना चाहिए। अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाना चाहिए। नई सोसाइटी के लिए सख्त नियम लागू किए जाने चाहिए।

**स्टाफ की कमी के चलते प्रशासन की कार्रवाई सीमित**

ट्रैफिक पुलिस के चालान और नगर परिषद की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सीमित होकर रह गई है क्योंकि ट्रैफिक पुलिस जीरकपुर और नगर परिषद जीरकपुर स्टाफ की कमी से जूझ रहा है।

**ग्राउंड रिपोर्ट**

शहर के प्रमुख इलाकों में किए गए सर्वे के दौरान सामने आया कि जीरकपुर में विकास की गति तो तेज है, लेकिन बुनियादी ढांचा उसी अनुपात में नहीं बढ़ पाया। वीआईपी रोड और पटियाला चौक पर हर दिन लगने वाला जाम लोगों की सबसे बड़ी परेशानी बन चुका है, वहीं ढकोली और आसपास के इलाकों में सीवरेज और अतिक्रमण ने हालात और बिगाड़ दिए हैं।

सुपरसेक्शन मशीन के साथ सभी जगह पर सीवरेज की सफाई करवाई जाएगी जिससे आने वाले दिनों में यह समस्या काफी हद तक ठीक हो जाएगी, हमारी कोशिश है की बरसात से पहले पहले सारी सीवरेज लाइनें ठीक कर दी जाएं। टूटी हुई सड़कों पर लगातार काम चल रहा है जिस जिस सड़क का टेंडर लग चुका है, उसका काम करवाया जा रहा है।

**साक्षी जिंदल, एसडीओ, नगर परिषद जीरकपुर**

## चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता, आरोपी गिरफ्तार

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अपराध होने से पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई W/SSP कंवरदीप कौर के निर्देशों और W/SP सिटी केएम प्रियंका के मार्गदर्शन में, DSP विजय सिंह की निगरानी में गठित टीम द्वारा की गई। पुलिस टीम, जिसमें इंस्पेक्टर मिनी भारद्वाज (SHO, आईटी पार्क) शामिल थीं, ने 11 अप्रैल 2026 को किशन उर्फ अंडा (28) निवासी न्यू इंदिरा कॉलोनी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक कामानीदार चाकू बरामद हुआ। इस संबंध में थाना आईटी पार्क में आर्म्स एक्ट की धाराओं 25, 54 और 59 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी पहले भी एक्साइज एक्ट और NDPS एक्ट के मामलों में शामिल रह चुका है। पुलिस मामले की आगे



## मैकेनिक बनकर घुसा चोर, 11 घरों से सोलर पैनल की तारें चोरी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़


चंडीगढ़ के सेक्टर-20 स्थित सरकारी मकानों में चोरी का एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां एक युवक मैकेनिक बनकर घरों में घुसा और 11 मकानों से सोलर पैनल की महंगी कॉपर तारें चुरा ले गया। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। जानकारी के अनुसार, आरोपी दोपहर के समय प्लास और पेचकस जैसे औजार लेकर पहुंचा था। उसने खुद को सोलर पैनल का मैकेनिक बताया और बिना किसी शक के घरों की छतों पर पहुंच गया। उस समय घरों के बाहर लोग मौजूद थे, लेकिन किसी को उस पर शक नहीं हुआ, क्योंकि वह मरम्मत का काम करता हुआ नजर आ रहा था। बताया जा रहा है कि आरोपी ने सोलर पैनल और मीटर को जोड़ने वाली महंगी कॉपर तारों को काटकर चोरी कर लिया। ये तारें सोलर सिस्टम का अहम हिस्सा होती हैं और इनकी बाजार में अच्छी कीमत होती है। यह सोलर पैनल चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से घरों की छतों पर लगाए गए हैं, जिनसे बनने वाली बिजली सीधे बिजली विभाग को जाती है। जब आरोपी ने तारें काट दीं, तो संबंधित घरों की बिजली सप्लाई ऑनलाइन सिस्टम में ऑफलाइन दिखने लगी। इसके बाद कंपनी के असली मैकेनिक जांच के लिए मौके पर पहुंचे, तब इस पूरी चोरी का खुलासा हुआ।

## चंडीगढ़ एयरपोर्ट रोड पर चलती कार में लगी भीषण आग

### धमाकों से दहला इलाका, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान, कार जलकर खाक, इंजन में आग लगने की आशंका

समर न्यूज़ | मोहाली

चंडीगढ़ एयरपोर्ट रोड पर शनिवार दोपहर एक चलती BMW कार में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। आग लगने के बाद कार से बम जैसे धमाकों की आवाजें आने लगीं। हालांकि, ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत कार से कूदकर अपनी जान बचा ली। यह घटना न्यू चंडीगढ़ से एयरपोर्ट की ओर जाने वाली सड़क पर टीडीआई के पास करीब दोपहर 2:45 बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार सामान्य रूप से चल रही थी, तभी अचानक उसमें से चिंगारी



निकली और देखते ही देखते घना धुआं फैल गया। कुछ ही पलों में पूरी कार आग की चपेट में आ गई और आग का गोला बन गई। घटना के दौरान कार में केवल ड्राइवर ही सवार था। आग लगते ही उसने तुरंत गाड़ी छोड़ दी और सुरक्षित बाहर निकल आया। इस दौरान सड़क पर कुछ समय के लिए ट्रैफिक भी बाधित रहा।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। मोहाली के फेज-1 फायर स्टेशन से पहुंची टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आग कार के इंजन में लगी, जिसके बाद उसमें धमाके होने लगे। पुलिस के अनुसार, जब टीम मौके पर पहुंची, तब तक कार की आगे और पीछे की नंबर प्लेट भी पूरी तरह जल चुकी थी। ऐसे में वाहन की पहचान तुरंत नहीं हो सकी। बलौंगी थाने के एएसआई सुखविंदर सिंह ने बताया कि कार मालिक की पहचान इंजन नंबर के आधार पर की जाएगी। वहीं, फायर विभाग के मुताबिक कार मोहाली के पते पर रजिस्टर्ड है और मालिक का नाम सुरेंद्र सिंह बताया जा रहा है। फिलहाल, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मामले की जांच में जुटी हुई हैं और आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## पंजाब सरकार पीआरटीसी और पनबस में 1,265 बसें करेगी शामिलः चीमा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा मजबूत और सुलभ सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, राज्य के वित्त एवं परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज राज्य के परिवहन नेटवर्क के बड़े विस्तार की घोषणा की। उन्होंने बताया कि सरकार पेप्सू रोड़ ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन (पी.आर.टी.सी.) में 659 बसें और पनबस में 606 बसों का बड़ा बेड़ा शामिल करने जा रही है। परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि हाल ही में किलोमीटर स्कीम के तहत 250 बसें बेड़े में शामिल की गई हैं। उन्होंने कहा, "राज्य के भीतर अधिकतम रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से यह पहल विशेष रूप से पंजाब के निवासियों को समर्पित थी। इस योजना के तहत बस मालिकों (निजी व्यक्तियों) को अपने वाहनों को अपनी पसंद के अनुसार तैयार कराने की अनुमति दी गई, बशर्ते वे सरकारी मानकों और सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें।" पी.आर.टी.सी. के लिए 659 बसों के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु विभाग केवल किलोमीटर स्कीम तक सीमित नहीं है। मंत्री ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन ढांचे के व्यापक आधुनिकीकरण के तहत पी.आर.टी.सी. वर्तमान में 100 मिनी बसों और 309 अन्य मानक बसों की खरीद के लिए सक्रिय टेंडर प्रक्रिया में है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम; महिला सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम : शारदा प्रजापति

राम | पंचकूला
समर न्यूज़

श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड, पंचकूला की सचिव शारदा प्रजापति ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। सितंबर 2023 में पारित यह संवैधानिक संशोधन लोकसभा, राज्य विधानसभाओं तथा दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई (33%) सीटों का आरक्षण सुनिश्चित करता है। यह अधिनियम महज महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत को अधिक समावेशी, संतुलित और सशक्त लोकतंत्र बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए शारदा प्रजापति ने कहा कि महिला सशक्तिकरण राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने



कहा कि जब महिलाएं कार्यबल और नेतृत्व में आगे बढ़ती हैं, तो आर्थिक विकास तेज होता है, आय असमानता घटती है और समाज अधिक समावेशी बनता है।शारदा प्रजापति ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक परिवर्तन आया है, उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों गैस कनेक्शन, जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर पानी, स्वच्छ भारत मिशन से स्वच्छता, तथा वित्तीय समावेशन के जरिए करोड़ों महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा, राजनीतिक भागीदारी के क्षेत्र में भी महिलाओं की भूमिका तेजी से बढ़ी है। आज देश में लगभग 48.62% मतदाता महिलाएं हैं और हाल के चुनावों में उनकी भागीदारी पुरुषों से भी अधिक रही है।शारदा प्रजापति ने कहा, स्थानीय स्तर पर पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी (लगभग 46%) ने यह सिद्ध किया है कि जब महिलाओं को नेतृत्व का अवसर मिलता है, तो शासन अधिक संवेदनशील और जन-केंद्रित बनता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता जैसे विषयों को अधिक प्राथमिकता मिलती है, जिससे आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है। उन्होंने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम केंद्र सरकार का ऐतिहासिक पहल है, जो विकसित भारत 2047 के संकल्प को गति देगा।

## 25वें रक्तदान शिविर में 70 यूनिट रक्त संग्रहित

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन चंडीगढ़ द्वारा राजस्थान परिषद के सहयोग से आयोजित 25वें रक्तदान शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिविर में कुल 70 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। यह शिविर राजस्थान भवन में आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने पहुंचकर इस पुनीत कार्य में योगदान दिया। शिविर का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंदों की मदद करना था। इस अवसर पर डॉ. मीनू गांधी, डॉ. विवेक आहूजा और डॉ. दीपम बत्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्त की एक यूनिट से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है, इसलिए इस तरह के शिविर समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।



## खालसा साजना दिवस को समर्पित नगर कीर्तन का किया आयोजन



समर न्यूज़ | मोहाली

मोहाली में पंज प्यारों की अगुवाई में खालसा साजना दिवस को समर्पित नगर कीर्तन का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। नगर कीर्तन के दौरान गतका पार्टी ने गतका के करतब दिखाए। इस दौरान नगर कीर्तन की रौनक बढ़ाने के लिए बैंड पार्टी रूहानी संगीत बजा रही थी और श्रद्धालु नाम वाणी का जाप कर रहे थे। नगर कीर्तन के स्वागत के लिए श्रद्धालुओं ने कई जगह पर लंगर भी लगाए थे। नगर कीर्तन मोहाली के फेज-5 स्थित गुरुद्वारा श्री साहिबवाड़ा में अरदास के बाद शुरू हुआ। नगर कीर्तन फेज-5 मार्केट, चीमा अस्पताल, रिहायशी इलाका फेज-4, गुरुद्वारा कलगीधर साहिब फेज-4, खोखा मार्केट, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा फेज-1, पुराना डीसी आफिस, फ्रैंको होटल, गुरुद्वारा साहिब फेज-2, ज्ञान ज्योति स्कूल फेज-2, मदनपुरा चौक, गुरुद्वारा रामगढ़िया सभा फेज-3बी1, जनता मार्केट फेज-3बी1, फेज-3बी1 के एचएम क्वार्टर, क्वार्टर, गुरुद्वारा सच्चा धनु साहिब फेज-3बी1, मार्केट फेज-7, संत इशर सिंह स्कूल, गुरुद्वारा साहिब सेक्टर 70, मुंडी कांप्लेक्स और पैरागॉन स्कूल से होता हुआ गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 71 में खत्म हुआ।

## मोहाली के बलटाना में मंदिर के पीछे युवक का शव मिला

समर न्यूज़ | मोहाली

मोहाली जिले के बलटाना स्थित सैनी विहार फेस-3 में शनिवार सुबह एक मंदिर के पीछे 20 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। एक राहगीर ने सुबह शव को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान चंडीगढ़ के मौली जागरण निवासी मोनू (लगभग 20 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, युवक की मौत अत्यधिक शराब के सेवन से होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर डेराबस्सी के सरकारी अस्पताल भेज दिया है और उसे 72 घंटे के लिए मोर्चरी में रखा गया है।

## बैसाखी और खालसा सजना दिवस मनाया

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सम्मान समारोह और सेवा के संदेश के साथ सजा आयोजन

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ स्थित रामगढ़िया भवन में बैसाखी और खालसा सजना दिवस का पावन पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11:00 बजे हुआ, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में सदस्य, गणमान्य व्यक्ति और शुभचिंतक शामिल हुए। यह आयोजन रामगढ़िया सभा चंडीगढ़, चंडीगढ़ सीनियर सिटीज़न एसोसिएशन और वोमेन एंड चाइल्ड केयर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया, जो आपसी एकता और सहयोग की भावना को दर्शाता है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एस. पी. ओबेरॉय और मनीष तिवारी मौजूद रहे। दोनों अतिथियों ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम



सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने के साथ-साथ समाज सेवा की भावना को भी मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान बैसाखी को फसल उत्सव के रूप में और खालसा पंथ के स्थापना दिवस के रूप में श्रद्धा के साथ मनाया गया। स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारंपरिक संगीत ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया।

इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कई व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान मनविंदर सिंह राणौता ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए मोहाली में एक स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने की योजना की जानकारी दी।

**अभियान** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा ने शुरू किया जागरूकता अभियान

## 33% महिला आरक्षण बिल पर भाजपा का फोकस

समर न्यूज़ | मोहाली

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पारित 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल को लेकर अब इसे पूरी तरह से लागू करने की दिशा में प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पार्टी का कहना है कि वर्ष 2029 तक इस बिल को पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा, जिससे महिलाओं को राजनीति में उनका अधिकार मिल सके। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर रविवार को मोहाली में भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव वशिष्ट और राज्य सचिव जैसमीन संधावालिया की तरफ से एक प्रेस कांप्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य सचिव जैसमीन संधावालिया ने कहा कि यह भाजपा की ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर वर्ष 1989 में राजीव गांधी ने



पहल की थी, लेकिन इसके बाद लंबे समय तक कांग्रेस ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने इस मुद्दे को बार-बार टालते हुए महिलाओं के हितों की अनदेखी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार महिलाओं के अधिकारों को लेकर प्रतिबद्ध है और यही कारण है कि इस महत्वपूर्ण बिल को पास किया गया। भाजपा नेताओं का कहना है कि पार्टी ने हमेशा महिलाओं के हित में योजनाएं लागू की हैं और अब राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में भी ठोस कदम उठाया जा रहा है। इस दौरान भाजपा के राज्य कैशियर सुखविंदर सिंह गोल्डी के अलावा मोहाली मीडिया इंचार्ज चंद्र शेखर भी मौजूद रहे। कांग्रेस पर साधा निशाना, पुराने रुख पर उठाए सवाल राज्य सचिव जैसमीन संधावालिया ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर पार्टी का रवैया हमेशा टालमटोल वाला रहा है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के समय इस विषय पर चर्चा शुरू हुई थी, लेकिन उसके बाद कांग्रेस सरकारों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में भी इस बिल को आगे बढ़ाने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए। आज भी कांग्रेस इस बिल को लेकर स्पष्ट रुख नहीं दिखा रही है, जिससे यह साफ होता है कि पार्टी महिलाओं के मुद्दों पर गंभीर नहीं है। 2029 में लागू होगा आरक्षण, महिलाओं को मिलेगा अधिकार भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव वशिष्ट ने कहा कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल को लेकर लोगों को जागरूक करना पार्टी का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव तक इस बिल को पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा। इससे महिलाओं को राजनीति में बराबरी का अवसर मिलेगा और वे निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी निभा सकेंगी।

## दिल्ली कैपिटल्स को 23 रनों से रौंदा

# संजू की सेंचुरी ने खोला CSK की जीत का खाता

एजेंसी | चेन्नई

इंडियन प्रीमियर लीग का 18वां मुकाबला शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया। एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई में खेले गए इस मैच में सीएसके ने 23 रनों से जीत हासिल की और इस जीत से उनके इस सीजन लगातार 3 मैचों की हार का सिलसिला भी टूट गया। इस मुकाबले में संजू सैमसन ने केवल 52 गेंदों पर शतक जड़ा। ये इस सीजन का पहला आईपीएल शतक है और संजू के करियर का चौथा शतक था। इस मुकाबले में टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। सीएसके ने संजू और म्हात्रे की शानदार पारी के दम पर 212 रन बनाए थे। वहीं, इसके जवाब में उतरी दिल्ली कैपिटल्स 189 रनों पर सिमट गई।

ये दिल्ली कैपिटल्स की लगातार दूसरी हार है। 213 रनों के जवाब में उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत ठीक ठाक रही। केएल राहुल और निसंका ने आतिशी बल्लेबाजी की



और 5 ओवर में ही 61 रन जड़ दिए। लेकिन इसी स्कोर पर केएल राहुल अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद पथुम निसंका भी अगले ही ओवर में चलते बने। इसके बाद दिल्ली की पारी तब लड़खड़ा गई जब 7वें ओवर की पहली गेंद पर कप्तान अक्षर पटेल 66 के स्कोर पर ही आउट हो गए। इसके बाद समीर रिजवी भी सस्ते में निपटे। फिर डेविड मिलर और स्टब्स के बीच अच्छी साझेदारी पनपी। लेकिन मिलर भी 17 रन बनाकर आउट हो गए। आखिरकार आशुतोष शर्मा और स्टब्स ने मोर्चा संभाला।

लेकिन 15वें ओवर में आशुतोष अपना विकेट गंवा बैठे। आशुतोष ने 19 रन बनाए। स्टब्स ने 60 रनों की पारी खेली लेकिन वो अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। दिल्ली की टीम 189 रनों पर सिमट गई। पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी सीएसके की पारी का आगाज संजू सैमसन और ऋतुराज गायकवाड़ ने किया। इस मैच में संजू एक अलग ही लय में दिखे। उन्होंने पहली ही गेंद से आक्रमण किया। हालांकि, इसी बीच 62 के स्कोर पर ऋतुराज अपना विकेट गंवा बैठे। ऋतुराज के बल्ले से केवल 15 रन आए। लेकिन संजू ने मोर्चा संभाले रखा और तूफानी फिफ्टी जड़ी।

आयुष म्हात्रे ने उनका बखूबी साथ दिया। 11वें ओवर ही सीएसके 100 का आंकड़ा पार कर गई। इसके बाद संजू ने म्हात्रे के साथ शतकीय साझेदारी की। और संजू ने केवल 52 गेंदों में इस सीजन का पहला शतक जड़ दिया। वहीं, म्हात्रे ने भी फिफ्टी लगाई। लेकिन वो रिटायर्ड आउट हो गए। इसके बाद शिवम दुबे ने मोर्चा संभाला। लेकिन संजू आखिरी गेंद तक टिके रहे और उन्होंने 56 गेंद में 115 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी पारी में संजू ने 15 चौके और 4 छक्के लगाए। इसके दम पर सीएसके ने 20 ओवर में 2 विकेट खोकर 212 रन बनाए। इस मुकाबले के बाद अगर अंक तालिका पर नजर डालें तो राजस्थान की टीम 4 मैच में 4 जीत के साथ टॉप पर है। वहीं, पंजाब 4 मैच में 7 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है और आरसीबी 3 में 2 जीत के साथ तीसरे पायदान पर है। दिल्ली 4 में 2 जीत के साथ चौथे नंबर पर जरूर है। लेकिन दिल्ली की ये लगातार दूसरी हार है। वहीं, सीएसके अब अंक तालिका में सबसे फिसड्डी नहीं रही। बल्कि वो इस जीत के साथ एक पायदान ऊपर चढकर 9वें नंबर पर पहुंच गई है। वहीं, केकेआर अब 4 में केवल 1 अंकों के साथ 10वें यानी आखिरी नंबर पर है।

# इंडियन सुपर लीग में एफसी गोवा का धमाका, ओडिशा को 3-1 से हराया

एजेंसी | गोवा

इंडियन सुपर लीग 2025-26 में FC गोवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओडिशा FC को 3-1 से हराया। यह मुकाबला गोवा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला गया, जहां टीम ने खासकर दूसरे हाफ में जबरदस्त खेल दिखाया।

इस मैच में FC गोवा के लिए एक खास पल भी देखने को मिला, जब स्थानीय खिलाड़ी और अकादमी के गोलकीपर बॉब जैक्सन राज ने अपना डेब्यू किया। उन्होंने पूरे मैच में शानदार संयम दिखाया और गोलपोस्ट के बीच भरोसेमंद प्रदर्शन किया।

मुकाबले के पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। FC गोवा ने गेंद पर ज्यादा कब्जा रखा, लेकिन ओडिशा FC की मजबूत डिफेंस के चलते गोल नहीं हो सका और हाफ टाइम तक स्कोर 0-0 रहा।

दूसरे हाफ में FC गोवा ने आक्रामक अंदाज अपनाया और 62वें मिनट में डेजान ने आयुष के शानदार पास पर पहला गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद टीम का



आत्मविश्वास और बढ़ गया।

81वें मिनट में पोल ने बेहतरीन फ्री-किक के जरिए गोल दागकर टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। यह गोल मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ और ओडिशा की वापसी की उम्मीदों को झटका लगा।

इंजरी टाइम में अब्दुल रबीह पर फाउल के बाद FC गोवा को पेनल्टी मिली, जिसे ब्रिसन ने 90+4 मिनट में गोल में बदल दिया।हालांकि ओडिशा FC ने 90+7 मिनट में एक गोल जरूर किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। शानदार प्रदर्शन के लिए आयुष को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने एक अहम असिस्ट दिया और पूरे मैच में बेहतरीन खेल दिखाया।

# बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप: नंबर-1 खिलाड़ी को हराकर आयुष शेट्टी फाइनल में पहुंचे

एजेंसी | गुवाहाटी

बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप में भारत के युवा स्टार आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। चीन के निंगबो में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी कुनलावुत विटिडसर्न को हराकर इतिहास रच दिया।

20 वर्षीय आयुष शेट्टी ने मुकाबले की शुरुआत धीमी की और पहला गेम 10-21 से गंवा दिया। हालांकि इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-19 और तीसरा गेम 21-17 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। उनके आत्मविश्वास और संयम ने इस जीत में अहम भूमिका निभाई। इस जीत के साथ आयुष शेट्टी ने



भारत के लिए 59 साल बाद बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई है। उन्होंने कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया है, जो भारतीय बैडमिंटन के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। कुनलावुत विटिडसर्न जैसे विश्व नंबर-1 खिलाड़ी को हराना आसान नहीं था, लेकिन आयुष ने दबाव में शानदार खेल दिखाया।उन्होंने मैच के निर्णायक क्षणों में आक्रामक और सटीक शॉट्स खेलकर विरोधी को बैकफुट पर रखा। अब आयुष शेट्टी का सामना फाइनल में चाउ तियेन चेन और शी यूकी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

# पंजाब ने SRH के खिलाफ चेज किए 220 रन

समर न्यूज़ | मुल्लांपुर

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मैच नंबर-17 में शनिवार को पंजाब किंग्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) से हुआ। मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए इस मैच में पंजाब किंग्स ने 6 विकेट से जीत हासिल की। मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 220 रनों का टारगेट दिया था, जिसे उसने 18.5 ओवर में हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर ने 5 चौके और 5 छक्के की मदद से 33 बॉल पर नाबाद 69 रन बनाए। पंजाब किंग्स की मौजूदा सीजन में तीसरी जीत रही। पंजाब किंग्स की मौजूदा आईपीएल सीजन में शुरुआत शानदार रही। पंजाब किंग्स



ने गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स को पराजित किया था, जबकि कोलकाता नाइट राइर्स संग उसका मुकाबला बारिश के चलते धुल गया। दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) और लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के हाथों हार मिली, वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स को उसने शिकस्त दी थी। रनचेज में पंजाब किंग्स की शुरुआत धमाकेदार रही। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह के बीच पहले विकेट के लिए 38 गेंदों पर 99 रनों की पार्टनरशिप हुई। इस साझेदारी के दौरान प्रियांश ने सिर्फ 16 गेंदों पर फिफ्टी पूरी कर ली। स्पिनर शिवांग कुमार ने प्रियांश को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। प्रियांश ने 20 गेंदों पर 57 रन बनाए, जिसमें पांच छक्के और पांच चौके शामिल रहे।शिवांग कुमार ने इसके बाद प्रभसिमरन सिंह को अपनी फिरकी में फंसाया, जो अर्धशतक पूरा कर चुके थे। प्रभसिमरन ने 4 छक्के और 4 चौके की मदद से 25 गेंदों पर 51 रन बनाए। शिवांग कुमार ने फिर कूपर कोनोली (11 रन) को पवेलियन रवाना किया, जो बड़ा शॉट मारना चाहते थे। यहां से कप्तान श्रेयस अय्यर और 'इम्पैक्ट सब' नेहाल वढेरा (14 रन) ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी की, जिसने मैच को पंजाब किंग्स की तरफ पूरी तरह झुका दिया। मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट पर 219 रन बनाए। सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत बेहद तूफानी रही। अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड के बीच 49 गेंदों पर 120 रनों की पार्टनरशिप हुई। अभिषेक ने 5 चौके और 5 छक्के की मदद से सिर्फ 18 बॉल पर फिफ्टी जमा दी। इस पार्टनरशिप को शशांक सिंह ने तोड़ा, जिन्होंने हेड का विकेट लिया। हेड ने 5 चौके और तीन छक्के की मदद से 23 बॉल पर 38 रन बनाए। शशांक सिंह ने फिर 9वें ओवर में अभिषेक शर्मा को भी आउट किया। अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों पर 74 रन बनाए, जिसमें 8 छक्के और पांच चौके शामिल रहे। इसके बाद हेनरिक क्लासेन और कप्तान ईशान किशन के बीच तीसरे विकेट के लिए 47 रनों की पार्टनरशिप हुई।

# भारत के आगे नहीं टिकता पाक का शेयर बाज़ार

एजेंसी | नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता पाकिस्तान में हुई। इस बीच जेफरीज की रिपोर्ट आई है, जिसमें उसके लेखक ने पाकिस्तान के शेयर बाजार के लिए बड़ी चेतावनी दी है और कहा है कि भारत के आगे पाकिस्तान का स्टॉक मार्केट कहीं नहीं टिकता है।

जेफरीज के ग्रीड एंड फीयर रिपोर्ट में क्रिस्टोफर वुड ने कहा है कि इस सदी की शुरुआत से लेकर अब तक डॉलर के हिसाब से भारतीय शेयर बाजार ने पाकिस्तानी शेयरों की तुलना में 653 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया है। यहां तक कि सितंबर 2024 में IMF के आखिरी बेलआउट इवेंट के बाद से MSCI पाकिस्तान इंडेक्स डॉलर की तुलना में 84 प्रतिशत बढ़ा है।

जबकि इसी अवधि में MSCI इंडिया इंडेक्स ने 124 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया है। वुड्स जेफरीज ने भारत पर मामूली 'ओवरवेट' रेटिंग दी है। इसने कहा कि IMF के बेलआउट सर्किल के दौरान पाकिस्तान भी एक लाभदायक शेयर बाजार साबित हो सकता है, लेकिन रिस्क बना हुआ है। वुड ने कहा कि दो सप्ताह का युद्धविराम ऊर्जा के मामले में कमजोर भारत के लिए अच्छी खबर है।

वुड ने कहा कि हालांकि पाकिस्तान 1947 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से अपने अस्तित्व के अधिकांश समय में एक तरह की आर्थिक आपदा रहा है, जिसकी खासियत निर्यात की कमी, बार-बार चालू खाता संकट और कई आईएमएफ कार्यक्रम हैं, लेकिन इसकी परमाणु स्थिति और इसकी विशाल सेना के कारण इसका वास्तविक भू-राजनीतिक महत्व है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अनुमान है

कि पाकिस्तान के पास करीब 170 परमाणु हथियारों का भंडार है और उसकी सेना में करीब 660,000 एक्विव कर्मी हैं। वहीं आईएमएफ से मिलने वाली राहत अमाउंट के सर्किल के दौरान पाकिस्तान एक प्रॉफिटेबल शेयर बाजार भी साबित हो सकता है। वुड ने कहा कि अगर एआई कैपिटल एक्सपेंडेचर इस साल चरम पर पहुंचता है, तो भारत को इससे लाभ होगा, क्योंकि यह रिवर्स एआई व्यापार के रूप में अपनी स्थिति रखता है और यह देखते हुए कि विदेशियों ने पहले ही बड़ी मात्रा में शेयर बेचे हैं, जिसमें इस साल अब तक 18.5 बिलियन डॉलर का नेट वैल्यू शामिल है। लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि निगेटिव रिस्क नहीं है, एसआईपी रुक जाने से और युद्ध फिर से छिड़ जाने का खतरा बना हुआ है। रिपोर्ट में वुड ने कहा कि 2026 के तीन महीने भारत के लिए एक और निराशाजनक तिमाही साबित हुए, क्योंकि इंडोनेशिया के बाद यह एशिया का सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला बाजार था। फिर भी, यह भी सच है कि ईरान युद्ध की शुरुआत के बाद से एशियाई और वैश्विक उभरते बाजार दोनों संदर्भों में भारत का प्रदर्शन लगभग स्थिर हो गया है।

जेफरीज ने कहा कि मार्च की शुरुआत से लेकर अब तक, एमएससीआई इंडिया ने एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट्स और एमएससीआई एसी एशिया पैसिफिक एक्स-जापान दोनों की तुलना में अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में केवल 1.9 प्रतिशत का खराब प्रदर्शन किया है, जबकि 2026 के पहले दो महीनों में इनका प्रदर्शन क्रमशः 16.2 प्रतिशत और 16 प्रतिशत रहा था। वुड ने आगे कहा कि हाल के महीनों में विदेशी बाजार में आक्रामक बिकवाली के कारण हुई गिरावट भारत के शेयर बाजार का वैल्यूवेशन काफी हद तक कम हो गया है। उन्होंने कहा कि निफ्टी का एक साल का फॉरवर्ड पीई अब 18.3 गुना पर है।

# अभिषेक की आंधी, जयसूर्या की बराबरी की

समर न्यूज़ | मुल्लांपुर

इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने तूफानी प्रदर्शन किया। मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित इस मैच में अभिषेक ने 8 छक्के और पांच चौके की मदद से 28 गेंदों पर 74 रन बनाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इस दौरान सिर्फ 18 गेंदों पर फिफ्टी जमा दी। पंजाब किंग्स के खिलाफ लगातार तीसरे मैच में अभिषेक ने 50 प्लस स्कोर बनाया है।

अभिषेक को पार्टटाइम स्पिनर शशांक सिंह ने अर्शदीप सिंह के



हाथों कैच आउट कराया। पावरप्ले में अभिषेक ने तेज गेंदबाजों अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट और विजयकुमार वैशाक की जमकर खबर ली। पारी के पांचवें ओवर में तो अभिषेक शर्मा ने विजय कुमार वैशाक को चार छक्के लगाए। अभिषेक ने अपनी इनिंग्स के दौरान 8 में से सात छक्के पावरप्ले में जड़े। अभिषेक किसी आईपीएल मैच के दौरान पावरप्ले में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से पहले नंबर पर आ चुके हैं।

# कोहली का नागिन डांस वायरल, प्लेयर्स नहीं रोक सके हंसी

समर न्यूज़ | गुवाहाटी

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एक बार फिर अपने फेमस "नागिन डांस" से फैंस का मनोरंजन किया। RCB को अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा, जब राजस्थान रॉयल्स (RR) ने उन्हें 6 विकेट से हरा दिया। गुवाहाटी में पहले बल्लेबाजी करते हुए RCB ने 20 ओवर में 201/8 का अच्छा स्कोर बनाया। टीम के कप्तान रजत पाटीदार ने 40 गेंदों में 63 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाए। लेकिन यह स्कोर काफी नहीं रहा, क्योंकि राजस्थान ने 2 ओवर बाकी रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। 15 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंदों में 78 रन की तूफानी पारी खेलकर मैच का रुख बदल दिया, जबकि ध्रुव जुरेल ने 43 गेंदों में नाबाद 81 रन बनाए। RCB की इस हार के बाद टीम के एक प्रैक्टिस सेशन का वीडियो सोशल मीडिया पर



वायरल हो गया। हालांकि यह साफ नहीं है कि यह वीडियो किस मैच या जगह का है, लेकिन इसमें विराट कोहली अपने फेमस "नागिन डांस" करते नजर आए। उनका यह अंदाज देखकर RCB के कोचिंग स्टाफ और स्टेडियम में मौजूद फैंस हंस पड़े। खास बात यह है कि कोहली इससे पहले 2024 में चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच में और 2025 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में भी यह डांस कर चुके हैं। अब अगर मैच की बात करें, तो 15 साल के वैभव सूर्यवंशी इस मुकाबले के सबसे बड़े हीरो रहे। मैच के बाद सूर्यवंशी के लिए एक खास पल भी आया, जब विराट कोहली ने उनकी राजस्थान रॉयल्स की कैप पर ऑटोग्राफ दिया और एक छोटा सा मैसेज लिखा- Dear Vaibhav, well done।

गंभीर सवाल

## इस्लामाबाद वार्ता-अस्थायी युद्धविराम कई गंभीर सवालों को जन्म दे रहा

# केवल एक बड़े संघर्ष से पहले की रणनीतिक खामोशी है

समर न्यूज़ | लुधियाना

मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच यूनाइटेड स्टेट, ईरान ओर इज़राइल के बीच बना अस्थायी युद्धविराम कई गंभीर सवालों को जन्म दे रहा है। सबसे बड़ा सवाल यही है - क्या यह टकराव सच में थम रहा है या यह केवल एक बड़े संघर्ष से पहले की रणनीतिक खामोशी है? मौजूदा हालात को देखते हुए यह कहना मुश्किल नहीं कि युद्ध दोबारा भड़कने की संभावना पूरी तरह खत्म नहीं हुई है, क्योंकि सभी पक्ष सैन्य और राजनीतिक रूप से पूरी तैयारी में दिखाई दे रहे हैं। हालिया घटनाओं में डोनाल्ड ट्रम्प की सख्त चेतावनियों ने स्थिति को और संवेदनशील बना दिया है। उन्होंने साफ संकेत दिया है कि अगर वार्ता असफल होती है, तो अमेरिका फिर से आक्रामक रुख अपना सकता है। दूसरी ओर ईरान भी पीछे हटने के मूड में नहीं है और उसने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी हमले का जवाब पूरी ताकत से दिया जाएगा। ऐसे माहौल में यह साफ है कि युद्धविराम केवल अस्थायी है— एक ऐसा ठहराव जिसमें दोनों पक्ष अपनी रणनीतियां मजबूत कर रहे हैं। इस बीच इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं। क्या यह वास्तव में शांति की दिशा में एक ठोस कदम है या सिर्फ समय हासिल करने की कोशिश? बातचीत की मेज पर दोनों पक्ष अपनी-अपनी शर्तों के साथ पहुंचे हैं। ईरान प्रतिबंधों में राहत और क्षेत्रीय गतिविधियों पर दबाव कम करने की बात कर रहा है, जबकि अमेरिका चाहता है कि ईरान अपनी परमाणु गतिविधियों को सीमित करे और रणनीतिक जलमार्गों को सुरक्षित रखे। इन विरोधाभासी मांगों के बीच भरोसे की कमी साफ दिखाई देती है, जिससे यह आशंका और गहरी हो



जाती है कि यह वार्ता कहीं केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए। इसी परिदृश्य में चीन की भूमिका बेहद अहम बनकर उभर रही है। चीन इस पूरे संकट में सीधे सैन्य तौर पर शामिल नहीं है, लेकिन कूटनीतिक और आर्थिक स्तर पर उसका प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। चीन लंबे समय से ईरान का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार रहा है, खासकर ऊर्जा क्षेत्र में। ऐसे में वह खुलकर युद्ध के विस्तार के खिलाफ है, क्योंकि इससे उसकी आर्थिक और रणनीतिक योजनाओं पर असर पड़ सकता है। चीन एक तरफ शांति वार्ता का समर्थन कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ वह यह भी चाहता है कि पश्चिमी देशों का प्रभाव इस क्षेत्र में सीमित रहे। इस तरह चीन पर्दे के पीछे एक संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है—जहाँ वह खुद को एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में पेश भी करे और अपने हितों की रक्षा भी कर सके। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि धमकियों और वार्ताओं का यह समानांतर चलना कूटनीति को कमजोर बना सकता है। एक ओर बातचीत जारी है, वहीं दूसरी ओर सख्त बयानबाजी और सैन्य तैयारी भी जारी है। इस तरह की स्थिति में भरोसा कायम करना बेहद मुश्किल हो जाता है। इतिहास गवाह है कि जब वार्ता के साथ-साथ दबाव की राजनीति चलती है, तो समझौते अक्सर अधूरे रह जाते हैं या लंबे समय तक टिक नहीं पाते। इस पूरे संकट में इज़राइल की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसकी सुरक्षा चिंताएं इस टकराव के केंद्र में हैं। यदि जमीनी स्तर पर उसकी सैन्य गतिविधियां जारी रहती हैं, तो इसका सीधा असर वार्ता पर पड़ सकता है। इसका मतलब यह है कि केवल दो देशों के बीच समझौता काफी नहीं होगा, बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर भी संतुलन बनाना जरूरी होगा। आर्थिक दृष्टि से देखें तो यह संघर्ष पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहा है। स्ट्रेट ऑफ होरमुज़ जैसे महत्वपूर्ण मार्ग पर तनाव ने वैश्विक तेल बाजार को अस्थिर कर दिया है। इसका असर न केवल पश्चिमी देशों पर, बल्कि एशिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं—जैसे भारत और चीन—पर भी पड़ रहा है। यही कारण है कि चीन इस पूरे मामले में सक्रिय रूप से शांति की दिशा में दबाव बना रहा है, क्योंकि लंबे समय तक चला संघर्ष उसके आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। अंततः यह कहा जा सकता है कि मौजूदा स्थिति एक नाजुक संतुलन पर टिकी हुई है। एक तरफ वार्ता के जरिए समाधान खोजने की कोशिश हो रही है, तो दूसरी तरफ युद्ध की आशंका अभी भी बनी हुई है। इस्लामाबाद वार्ता उम्मीद और संदेह के बीच झूल रही है, जबकि चीन जैसे देश इस संतुलन को बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आने वाले दिन यह तय करेंगे कि यह संघर्ष एक नई शांति की शुरुआत बनेगा या फिर एक और बड़े युद्ध का कारण। फिलहाल, दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहाँ हर फैसला इतिहास की दिशा बदल सकता है।

**राजिंदर सिंह *(लेखक लुधियाना में डिप्टी मास मीडिया अफसर हैं।)***

JOURNALIST PREMIER LEAGUE

# जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग : मैदान में दिखा पत्रकारों का जज्बा और जुनून































ग्रुप एडिटरः **अर्शदीप सिंह,** एग्जीक्यूटिव एडिटर : **चंदन स्वप्निल***, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 217